राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 62 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बजट पर वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लोकसभा-2024 चुनाव अकेले लड़ेगी टीएमसीः ममता




**कोलकाता/टीम एक्शन इंडिया**
**एक** तरफ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी पार्टियां एकजुट होने की मुहिम चला रही है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने विपक्षी एकजुटता की इस मुहिम से खुद को अलग कर लिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि हम 2024 का चुनाव अकेले लड़ेंगे। किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। टीएमसी का गठबंधन जनता के साथ होगा। ममता का बयान ऐसे समय में आया है जब पिछले बुधवार (1 मार्च) को तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के जन्मदिन पर मंच से विपक्षी एकजुटता का उदाहरण पेश किया गया। मंच से कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी विपक्षी पार्टियों से एक साथ आने की अपील की।

## हिंदू ग्रंथों की फिर से समीक्षा होः मोहन भागवत



**नागपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**संघ** प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू धर्म ग्रंथों की दोबारा समीक्षा करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां पहले ग्रंथ नहीं थे। हमारा धर्म मौखिक परंपरा से चलता आ रहा था। बाद में ग्रंथ इधर-उधर हो गए और कुछ स्वार्थी लोगों ने ग्रंथ में कुछ-कुछ घुसाया जो गलत है। उन ग्रंथों, परंपराओं के ज्ञान की फिर एक बार समीक्षा जरूरी है। भागवत का यह बयान नागपुर के कान्होलीबारा में आर्यभट्ट एस्ट्रोनोमी पार्क के उद्घाटन के दौरान आया।
हमारे पास दुनिया की कई परेशानियों का हलः भागवत ने कहा- "हमारे पास वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी था, जिसके आधार पर हम चले। लेकिन विदेशी आक्रमणों के कारण हमारी व्यवस्था नष्ट हो गई, हमारी ज्ञान की परंपरा खंडित हो गई। हम बहुत अस्थिर हो गए।

## भाजपा एमएलए का बेटा 40 लाख घूस लेते गिरफ्तार



**बेंगलुरु/टीम एक्शन इंडिया**
**कर्नाटक** में गुरुवार को लोकायुक्त ने भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। प्रशांत की गिरफ्तारी पिता के बेंगलुरु स्थित कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड से दफ्तर से हुई। लोकायुक्त ने दफ्तर और प्रशांत के घर पर छापा मारा तो 8 करोड़ कैश बरामद हुआ। गिनती करने के बाद अफसरों ने नोटों के बंडल बिस्तर पर रख दिए। भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस टेंडर के मामले में बेटे ने घूस ली, उसमें मैं शामिल नहीं हूं। वीरुपक्षप्पा के इस्तीफे से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा था कि लोकायुक्त को दोबारा शुरू करने का मकसद राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करना था।

## 'मप्रः विस अध्यक्ष के खिलाफ कांग्रेस ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान विधायक जीतू पटवारी को बजट सत्र की शेष अवधि की कार्यवाही से निलंबित करने के मुद्दे पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर नोंक-झोक हुई। भारी हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम में सदन की कार्यवाही को 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मप्र विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को सत्र की बाकी अवधि से निलंबित कर दिया था।

# भारत में लोकतंत्र खतरे मेंः राहुल गांधी

### मेरे खिलाफ केस हुए; अफसर कहते थे- फोन पर सोच-समझकर बोलना, बातें रिकॉर्ड हो रहीं, राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है

**लंदन/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच दी। राहुल ने भारत में विपक्षी पार्टियों, नेताओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दिक्कतों का जिक्र किया था। राहुल ने कहा, "मेरे फोन की जासूसी होती है। विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। भारत में विपक्षी नेता के तौर पर यह एक ऐसा दबाव है, जो लगातार झेलना पड़ता है।" राहुल की स्पीच का विडियो सैम पित्रोदा ने शेयर किया है। राहुल के इस बयान पर भाजपा ने ऐतराज जताया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- 'राहुल विदेशी धरती पर भारत को बदनाम कर रहे हैं।
**मेरी बातें रिकॉर्ड की जाती थीं:** राहुल ने कहा, "बड़े पैमाने पर राजनीतिक नेताओं के फोन में पेगासस है। मेरे फोन में भी पेगासस था। मुझे इंटेलिजेंस अफसरों ने





बुलाकर कहा था कि आप फोन पर जो कुछ भी कहें, बेहद सतर्क होकर कहें, क्योंकि हम इसे रिकॉर्ड कर रहे हैं। यह एक ऐसा दबाव है, जो हम महसूस करते हैं।"
**भारत में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमलाः** उन्होंने कहा, "विपक्ष के खिलाफ केस दर्ज किए जाते हैं। मेरे खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज किए गए हैं, लेकिन ये केस ऐसी चीजों के लिए दर्ज किए गए, जो आपराधिक नहीं थीं। जब देश में मीडिया और लोकतांत्रिक ढांचे पर इस तरह का हमला हो रहा हो तो विपक्ष के तौर पर आपके लिए लोगों से बात करना मुश्किल हो जाता है।"
**विपक्षी नेता मुद्दों पर बात कर रहे थे, जेल में डाल दियाः** राहुल बोले, "लोकतंत्र के लिए जरूरी ढांचा संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका होते हैं। आज यह सब विवश होते जा रहे हैं। इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारतीय संविधान में भारत को राज्यों का संघ बताया गया है। उस संघ को बातचीत की जरूरत है। यह वह बातचीत है जो खतरे में है। आप देख सकते हैं तस्वीर जो संसद भवन के सामने की है।
विपक्ष के नेता कुछ मुद्दों पर बात कर रहे थे और उन्हें जेल में डाल दिया गया। ऐसा 3 या 4 बार हुआ है। जो हिंसक था।"

### राहुल ने अपना फोन जांच के लिए क्यों नहीं दियाः अनुराग

**अनुराग** ठाकुर ने मीडिया से कहा, "राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती पर हो-हल्ला मचाने का काम कर रहे हैं। पेगासस उनके दिमाग में है। उनसे पूछिए कि उन्होंने अपना फोन जांच के लिए क्यों नहीं दिया था। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा है। ये बात बड़े-बड़े नेता कह रहे हैं। राहुल गांधी को इटली के पीएम को सुनना चाहिए कि उन्होंने पीएम मोदी के बारे में क्या कहा।"

### ब्रिटेन दौरे पर राहुल का नया लुक चर्चा में रहा

**लंदन** पहुंचने पर राहुल का नया लुक सबसे ज्यादा सुर्खियों में था। राहुल नए लुक में कैंब्रिज पहुंचे तो एक फैन ने उनके साथ फोटो शेयर की। इसमें राहुल सेट की हुई दाढ़ी, कोट और टाई में नजर आ रहे हैं। 7 सितंबर 2022 में शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के करीब 6 महीने बाद राहुल का लुक बदला हुआ नजर आ रहा है।

## पूर्वोत्तर से यूपी तक मोदी का जादूः अमित शाह



**बंगलुरू/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक में कहा कि पूर्वोत्तर हो या चाहे यूपी, हर तरफ पीएम मोदी का जादू चल रहा है। इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड विधानसभा के चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि गुरुवार को ही तीन राज्यों में कांग्रेस का सूफड़ा साफ हो गया। वह ऐसे हारे हैं कि दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। वे बीदर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि 2 मार्च को कर्नाटक से हजारों किमी. दूर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आए हैं। इन राज्यों में कांग्रेस बुरी तरह हारी है। नागालैंड में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई, मेघालय में 3 सीटें और त्रिपुरा में सिर्फ 4 सीटें मिली हैं।
**पूर्वोत्तर से यूपी तक मोदी का जादू चल रहाः** शाह ने कहा कि लोग कहते थे कि पूर्वोत्तर में भाजपा प्रवेश नहीं कर सकती, लेकिन वहां दूसरी बार बीजेपी और एनडीए की सरकार बन रही है। मोदी जी का जादू पूर्वोत्तर से लेकर गुजरात और उत्तर प्रदेश से लेकर कर्नाटक तक लोगों के सिर चढ़कर बोलता है। गृह मंत्री ने कहा कि कुछ लोग नारे लगा रहे हैं कि 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी'। वहीं, आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं कि 'मोदी तुम मर जाओ'। ऐसे लोगों की भगवान कभी नहीं सुनेगा।'

## आबकारी नीति घोटालाः केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है सीबीआई-ईडी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आबकारी नीति घोटाले को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भले ही फर्जीवाड़ा मान रहे हों, पर मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम जिस तरह डिजिटल और फॉरेंसिक सबूत जुटा रही है, इससे भविष्य में केजरीवाल सरकार की मुसीबत बढ़ सकती है। मनीष सिसोदिया से रिमांड में हुई पूछताछ के बाद अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी सीबीआई-ईडी के दफ्तर बुलाया जा सकता है। ऐसी जानकारी है कि इस मामले में जांच टीम को पुख्ता सबूत मिले हैं। सीबीआई सत्येंद्र जैन से इस मामले में पहले ही तिहाड़ जेल में जाकर पूछताछ कर चुकी है।



### शिकंजे में दिल्ली सरकार

= सिसोदिया से रिमांड में हुई पूछताछ के बाद अब मुख्यमंत्री केजरीवाल को भी सीबीआई-ईडी के दफ्तर बुलाया जा सकता है

आरोप है कि आबकारी विभाग के एक ब्यूरोक्रेट ने घोटाले में पूछताछ के दौरान सीबीआईको बयान दिया है कि सिसोदिया ने उन्हें केजरीवाल के घर बुलवाया था। उस दौरान वहां सत्येंद्र जैन भी थे। वहीं पर सिसोदिया ने उन्हें मौखिक रूप से शराब कारोबारियों के लिए कमीशन बढ़ाने के लिए ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था।
**फेस टाइम कॉल में भी केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोपः** दावा किया जा रहा है कि समीर महेंद्रू ने जांच एजेंसी को बताया था कि जेल में बंद नायर के फोन से केजरीवाल ने फेस टाइम पर विडियो कॉल कर उन्हें कहा था कि विजय नायर उनका बच्चा है। उन पर वो भरोसा करें। महेंद्रू का दावा है कि इस मामले में करोड़ों रुपए केजरीवाल के आदेश पर दिए गए थे।

## ईरान में छात्राओं पर केमिकल अटैक

**तेहरान/टीम एक्शन इंडिया**
**सोशल** मीडिया पर ईरान के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें पुलिस महिलाओं के बाल खींचकर उन्हें गिरफ्तार करती हुई नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि ये उन बच्चियों की मांएं हैं, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं। दिसंबर 2022 से स्कूली छात्राओं के बीमार होने की खबरें सामने आ रहीं थी। कहा जा रहा है कि छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए उन्हें जहर दिया जा रहा है। ऐसा करने के लिए स्कूल के पानी में केमिकल्स मिलाए जा रहे हैं। दूषित पानी पीने से सैंकड़ों छात्राओं को सांस लेने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है।

### खतरनाक मंसूबे

= छात्राओं को पढ़ने से रोकने के लिए उन्हें जहर दिया जा रहा है। स्कूल के पानी में केमिकल्स मिलाए जा रहे हैं

**दोषियों की जगह पेरेंट्स पर कार्रवाई हो रहीः** प्रदर्शन कर रहे पेरेंट्स की मांग है कि सरकार इस मामले में कार्रवाई करे। दिसंबर 2022 में छात्राओं के बीमार होने के मामले में जांच के आदेश दिए गए थे। लेकिन 3 महीने बाद भी इस मामले में किसी को पकड़ा नहीं गया। न ही कोई कार्रवाई हुई। इससे नाराज पेरेंट्स विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं। वहीं, पुलिस फोर्स इन्हें ही गिरफ्तार कर रही है।

## देश में कुल 4033 विधायक, कांग्रेस के 658 बचे

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** का सूरज पूरब में भी नहीं उगा। ईवीएम खुलते ही साफ हो गया- त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में कांग्रेस के लिए कोई उम्मीद नहीं। नगालैंड में कांग्रेस जीरो थी, जीरो ही रही। त्रिपुरा में 0 से 3 पर आ गई। मेघालय में 21 से 5 पर आ गिरी। वहीं मोदी वाली बीजेपी त्रिपुरा में बहुमत के बूते, तो बाकी दोनों राज्यों में गठबंधन से सरकार बनाने जा रही है। कांग्रेस का यह हाल 2014 के बाद से बना हुआ है। गिने-चुने राज्यों को छोड़ दें तो देश की यह ग्रैंड ओल्ड पार्टी तेजी से सिमट रही है। देश में कुल 4033 विधायक हैं, इनमें कांग्रेस के 658 बचे हैं। पिछले 8 सालों में कांग्रेस विधायकों की संख्या 24% से घटकर 16% ही रह गई है। पांच राज्यों में तो पार्टी का कोई विधायक नहीं बचा। वहीं 9 राज्यों में 10 कम विधायक हैं। 1951 में तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों में सरकार बनाने वाली कांग्रेस के अब सिर्फ 3 राज्यों में सीएम बचे हैं।

### सिमट रही कांग्रेस!

= 9 राज्यों में 10 कम विधायक हैं। 1951 में तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों में सरकार बनाने वाली कांग्रेस के अब सिर्फ 3 राज्यों में सीएम बचे हैं







**सम्मेलन**

### यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाएगा

# 'धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं'

**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में कहा, धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं। यह सम्मेलन मानवता की दिशा में एक बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास है। राज्यपाल ने कहा, यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, धर्म-धम्म का पहला सिद्धांत सभी जीवों के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करना है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हो रहे 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और 5 देशों के संस्कृति मंत्री शामिल हुए। 'नए युग में मानववाद' के



सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 5 मार्च तक चलेगा। पहले दिन सम्मेलन में संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी शामिल हुईं। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता है।
**जो सब को धारण करे, वही धर्म हैः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, महर्षि पतंजलि, गुरु नानक, भगवान बुद्ध ने दुख से निकलने के मार्ग सुझाए हैं। मानवता के दुख के कारण का बोध करना और इस दुख को दूर करने का मार्ग दिखाना पूर्व के मानववाद की विशेषता है। ये आज के युग में और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग की पद्धति स्थापित की। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग प्रदर्शित किया। गुरु नानक देव जी ने नाम सिमरन का रास्ता सुझाया, जिसके लिए कहा जाता है- नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार... कभी-कभी कहा जाता है कि धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं है। धर्म-धम्म की अवधारणा भारत चेतना का मूल स्तर रही है। हमारी परंपरा में कहा गया है- धारयति- इति धर्मः।

# चले कामों को बंद करने का काम इस सरकार को अब बंद करना चाहिए : जयराम ठाकुर

**शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा भवन निर्माण समिति की बैठक विली पार्क में संपन्न हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय सूद, प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर, विधायक डीएस ठाकुर, संगठन महामंत्री मंत्री पवन राणा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नॉर्थ इंडिया भवन निर्माण समिति के संयोजक अरुण चतुर्वेदी द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश में सभी जिला स्तरीय कार्यालय निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई और कार्यालय निर्माण से संबंधित कई विषयों पर विस्तार में चर्चा की गई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अब सरकार को काम करना शुरू करना चाहिए, चले कामों को बंद करने का काम इस सरकार को अब बंद करना चाहिए। मैंने आज स्वयं टेलीफोन से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात



करी थी और उनसे जिस प्रकार से पूरे प्रदेश भर में कांग्रेस सरकारी संस्थान बंद कर रही हैं इसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा भी को, आज हिमाचल प्रदेश में 20 कॉलेजों को बंद कर दिया गया है यह निराशाजनक है। इसमें मेरी क्षेत्र का छतरी कॉलेज भी है, इस कॉलेज का भवन निर्माण हो चुका है, शिलान्यास भी कर दिया गया है, बजट का प्रावधान भी पूर्ण है, एएनडीएस का काम पूरा हो चुका और जमीन भी दे दी गई है। यह कॉलेज 1 साल से चल रहा था और इसमें 60 बच्चे पढ़ भी रहे थे तब भी संस्था को बंद कर दिया। यह गलत है। मैंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपने निर्णय का रिव्यु करें और मैं आशा करता हूं कि जल्द ही यह सरकार ऐसे लिए गए निर्णयों का रिव्यु करेगी। पर जनता में इन जनविरोधी निर्णय का बहुत रोष है, यह सभी कार्यालय जनता की मांग पर खोले गए थे और जनता की भावनाओं का अनादर करना ठीक नहीं है। अगर जनता को लगता है कि यह निर्णय गलत है तो लोग अपना रास्ता खुद ढूंढ लेंगे और कोर्ट भी जाएंगे यह निश्चित है, पूरे प्रदेश में हर विधानसभा में निराशा और अनड्रेस्ड का माहौल है। उन्होंने कहा कि पहले 3 महीने में एक कैबिनेट हुआ करती थी अब हर दूसरे दिन कैबिनेट हुआ करती है।

पर मैं आशा करता हूं कि कैबिनेट में जनता को परेशान करने वाले निर्णय नहीं लिए जाएंगे, जनहित के कार्यों पर इन कैबिनेट के फैसले का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। भाजपा कोषाध्यक्ष संजय सूद ने बताया कि भवन निर्माण समिति की बैठक में 17 जिला स्तरीय कार्यालयों को खोलने के बारे में विस्तृत चर्चा हुई, यह एक राष्ट्रीय अभियान है और भारत में भाजपा सभी जिला मुख्यालयों पर पार्टी ऑफिस खोलने जा रही है

इसके अंतर्गत हिमाचल में ऊना में पार्टी ऑफिस खुल कर कार्यकर्ताओं को समर्पित हो चुका है।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चे के उपचार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित 14 वर्षीय बच्चे के उपचार के लिए हर संभव वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर जिला के बड़सर क्षेत्र के निवासी प्रेम लाल ने अपनी धर्मपत्नी सहित गत दिवस प्रातः मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें अवगत करवाया कि उनका बेटा अरुण मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से पीड़ित है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह बच्चे का उपचार करवाने में सक्षम नहीं हैं।मुख्यमंत्री ने प्रेम लाल को आश्वस्त किया कि बच्चे के इलाज के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।

# 14 से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा शिरगुल देवता बैशाखी मेलाः यादविंदर पॉल

**नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिले का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध जिला बैशाखी मेला आगामी 14 अप्रैल से 16 अप्रैल, 2023 तक राजगढ़ के नेहरू मैदान में बड़े हरजोलस के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी अध्यक्ष शिरगुल देवता मेला कमेटी एवं एसडीएम राजगढ़ यादविंदर पॉल ने गत दिवस को अंबेडकर भवन में मेले की तैयारियों के लिए बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ 14 अप्रैल को शिरगुल भगवान की पारंपरिक पूजा से होगा। इसके बाद शिरगुल देवता की पालकी की शोभायात्रा राजगढ़ शहर में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ लोगों के दर्शन के लिए निकाली जाएगी, जिसमें संकों की संख्या में स्थानीय लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले की



तिकड़ी घटनाओं में सांस्कृतिक घटनाओं के लिए कलाकारों का चयन भी किया जाएगा। मेले में विशाल दंगल का खुलासा होगा। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक दृश्यों में स्थानीय एवं प्रदेश के प्रसिद्ध लोक कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम ने बताया कि मेले को सदस्यता के रूप में आयोजित करने के लिए बैठक में विभिन्न उप-समूहों के गठन और इन अपराधियों में नए सदस्यों के नामों को शामिल करने के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर अपराध का अपराध कर दिया जाएगा। इस बैठक में गैर-सरकारी सदस्यों के सदस्यों के सदस्यों के नाम शामिल होने के लिए अपनी-अपनी सलाह देने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों के नाम की सूची देने के लिए अनुरोध करने के लिए।

# उत्तर-पूर्व में भाजपा की विजय मोदी का करिश्मा : बिंदल

**नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने गत दिवस को पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तर-पूर्वी राज्यों के चुनाव भारतीय जनता पार्टी और इनके सहयोगी दलों की जो जीत है वो स्पष्ट संदेश है कि भाजपा के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढा है। नरेन्द्र भाई मोदी पूरे देश को एक साथ लेकर के सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास इस मंत्र को लेकर चल रहे है। उन्होंने कहा कि वो उतर-पूर्वी राज्य जो पूर्व की सरकारों के अन्दर उपेक्षा के शिकार थे, जहां लगातार आतंकवाद पनपता था, भारत से अलग्वाद वहां की विशेषता बन गई। ऐसे उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अन्दर विकास की एक नई बयार बनाते हुए अष्टलक्ष्मी उस क्षेत्र को नाम दिया। और भारत के विकास के अन्दर आने वाले समय के अन्दर उस अष्टलक्ष्मी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रहने इवाली है। पूरे देश ने मोदी जी के नेतृत्व को उतर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक स्वीकारा है। इसी कारण लगातार भारतीय जनता पार्टी विजय के पथ पर अग्रसर है। बिंदल ने कहा कि भाजपा का मंत्र स्पष्ट है कि भारत पहले, राष्ट्र पहले, व्यक्ति और पार्टी बाद में उसी का लेकर के ये जीत बहुत बडी जीत है वो राज्य छोटे हैं कांग्रेस कहा करती थी कि राज्य छोटे हैं कोई फर्क नहीं पडता परन्तु उनकी उपयोगिता, उनकी उपदेयता वो भारत के अभिन्न अंग हैं।

# उप-मुख्यमंत्री के ओएसडी धनवीर सिंह ठाकुर को कोलडैम की समस्याओं से करवाया अवगत

**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
पूर्व प्रदेश कांग्रेस के सचिव व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश संयोजक हीरा पाल सिंह ठाकुर और ग्राम पंचायत हरनोडा के पूर्व उप प्रधान व जिला किसान कांग्रेस सेल बिलासपुर के उपाध्यक्ष जोगिंदर ठाकुर ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के ओएसडी धनवीर सिंह ठाकुर से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। धनवीर सिंह ठाकुर कोलडैम परियोजना के निमार्णाधीन के समय यहां पर बतौर तहसीलदार सेवाएं दी थी और यहां की भौगोलिक परिस्थितियों से भली-



भांति परिचित है। इस दौरान उन्होंने कोलडैम परियोजना से विस्थापितों को मिलने वाली 1 प्रतिशत विद्युत उत्पादन से संबंधित समस्या के बारे में अवगत करवाया कि अभी तक यह राशि नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि इस 1 प्रतिशत विद्युत उत्पादन से संबंधित वाली सूची में अधिकतर लोगों के नाम भी दर्ज नहीं है। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा बनाई गई आरसी कॉलोनी में सीवरेज समस्या, बनाए गए प्लॉट्स के गिरी दीवारें, बेतरतीब ढंग से बनी सडकें व नालिया के बारे में अवगत करवाया। इसके अलावा हरनोडा में लंबित पड़ी कोलडैम सिंचाई योजना को सिरे चढ़ाना व जल्द ही मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री को कोलडैम में इन सिंचाई योजनाओं के उद्घाटन को करवाने ताकि किसानों को समय पर सिंचाई योजना का लाभ मिले। उन्होंने सरकार के पास इस समस्या को रखने का आश्वासन दिया।

# डीएसपी रमाकांत ठाकुर की अगुवाई में पुलिस टीम के साथ बैठक का आयोजन



**नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब में आयोजित जिला स्तरीय होला महल्ला में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए डीएसपी रमाकांत ठाकुर की अगुवाई में पुलिस टीम के साथ बैठक का आयोजन किया गया। होली मेले में बाहरी राज्यों से जहां गुरुद्वारा साहिब में शीश म्वाजने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं तो वहीं मेले को देखने अलग-अलग जगहों से लोगों का हुजूम उमड़ता है। जहां ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा तैयारिया चल रही हैं तो वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं। डीएसपी पांवटा ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस को कितने भागों में बांटना है व कानून व्यवस्था को कैसे सुचारू रूप से चलाना है इसके लिए चर्चा की गई। मेले में दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई व संबंधित पुलिस कर्मचारियों को प्लान बनाने के लिए कहा। उन्होंने ट्रैफिक के सुचारू यातायात, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधों, श्रद्धालुओं के आने-जाने और ठहरने के प्रबंधों के लिए उपयुक्त योजना बनाने की हिदायत दी। जिससे श्रद्धालुओं को किसी किस्म की दिक्कतका सामना न करना पड़े। डीएसपी रमाकांत ठाकुर ने कहा कि इस बार लोगों के चारू यातायात और समाज विरोधी तत्त्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और गुम हुई एवं पाई गई वस्तुओं के लिए हेल्प डैस्क स्थापित किए जाएंगे।

# जोगिंद्रनगर में स्थित है हिमाचल प्रदेश का पहला आयुर्वेद फार्मेसी कॉलेज

**जोगिंद्रनगर/संगराय**
जोगिंद्रनगर में प्रदेश का पहला आयुर्वेद फामेर्सी कॉलेज कार्य कर रहा है। वर्ष 2010 में राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय पपरोला के तहत एडऑन संस्था के तौर पर इस आयुर्वेद फामेर्सी कॉलेज को शुरू किया गया है। वर्तमान में यह संस्थान सचिव आयुष की अध्यक्षता में गठित आयुर्वेदिक फामेर्सी शिक्षा एवं प्रशिक्षण सोसायटी के तहत चलाया जा रहा है। निदेशक आयुष विभाग इस सोसायटी के सदस्य सचिव हैं। इसके अतिरिक्त सोसायटी के अन्य सदस्य भी हैं। जोगिंद्रनगर के अप्रोच रोड स्थित यह आयुर्वेदिक फामेर्सी कॉलेज लगभग 13 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। इस संस्थान के पास वर्तमान में पांच भवन हैं जिनमें



प्रशासनिक भवन, पांच लैब, कैंटीन, क्लासरूम, प्रेक्टिकल लैब के अतिरिक्त स्मार्ट क्लास रूम तथा विद्यार्थियों के लिये कॉमन रूम की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा 40 छात्राओं के लिये हॉस्टल की भी सुविधा उपलब्ध है।चार वर्षीय आयुर्वेदिक फामेर्सी स्नातक पाठ्यक्रम आठ सेमेस्टर में विभाजित है तथा प्रतिवर्ष पहले 30 जबकि पिछले शैक्षणिक सत्र से 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। यह संस्थान अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय नेरचौक मंडी से संबद्धता प्राप्त है। इससे पहले यह संस्थान हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर से संबद्धता प्राप्त रहा है। वर्तमान में इस संस्थान में प्रवेश की तमाम प्रक्रिया अटल चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाती है। इस चार वर्षीय आयुर्वेद फॉमेर्सी कॉलेज में प्रवेश के लिये मेडिकल या नॉन मेडिकल विषय में दस जमा दो पास छात्र पात्र हैं। वर्तमान में इस कॉलेज में कुल 122 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्रशिक्षुओं को बेहतर एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण की सुविधा के लिये इस संस्थान को भारतीय चिकित्सा पद्धति अनुसंधान संस्थान जोगिन्दर नगर, ड्रग टेस्टिंग लैब जोगिंद्रनगर, हर्बल गार्डन व हरबेरियम , राजकीय आयुर्वेदिक फामेर्सी तथा आयुर्वेद वृत अस्पताल जोगिंद्रनगर के साथ जोड़ा गया है। वर्तमान में इस संस्थान के संचालन के लिये प्राचार्य सहित कुल 12 जिनमें 7 शिक्षक व 5 गैर शिक्षक कर्मी तैनात हैं।

क्या कहते हैं अधिकारीःसंस्थान के प्राचार्य राकेश थम्मन का कहना है कि अब तक इस संस्थान से पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद प्रशिक्षुओं की सरकारी व निजी क्षेत्र में लगभग शत प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुकी है। हॉल ही में एक विद्यार्थी ने जहां सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद साईंस की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तो वहीं क्षेत्रीय आयुर्वेद केंद्र जम्मू में भी इस संस्थान के छात्रों को जॉब हासिल हुई है। उन्होने कहा कि जल्द ही संस्थान में आयुर्वेद फ ामेर्सी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू होने जा रहा है। 15 मार्च से संस्थान के छात्रावास में लड़कियों की प्रवेश प्रक्रिया को भी प्रारंभ किया जा रहा है।

# किन्नौर की नैंसी ने लिया राष्ट्रीय स्तरीय युवा संसद में भाग

**किन्नौर/अनिल**
जिला युवा अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि किन्नौर जिला के राजकीय महाविद्यालय रिकांग पिओ की नैंसी ने राष्ट्रीय स्तरीय युवा संसद में भाग लेकर जिला व प्रदेश का नाम पूरे देश में रौशन किया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में नेहरू युवा केंद्र संगठन भारत सरकार द्वारा खंड स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र किन्नौर द्वारा जिला स्तर पर कुमारी नैंसी व कुमारी रवीना



दीक्षित को प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल हुआ। इसके उपरांत राज्य स्तरीय युवा संसद में शिमला किन्नौर व मंडी से 3 प्रतिभागी युवाओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय युवा संसद के लिए हुआ जिसमें राजकीय महाविद्यालय की नैंसी ने राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर पर पूरे भारतवर्ष के 85 युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नैंसी की सफलता ने पूरे किन्नौर को गौरवान्वित किया है। राजकीय महाविद्यालय कि नैंसी ने अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि ऐसे मौके किसी-किसी व्यक्ति को प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए ताकि वे अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास कर सकें। उन्होंने इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र और राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ का विशेष सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया।

# हर फील्ड से सेवानिवृत्त हुए व्यक्ति के पास होता है एक अलग अनुभव :रोहित ठाकुर



**बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
पढ़ाने के मामले में बेहतरीन पकड़ और बच्चों में अनुशासन के मामले में अव्वल रहे सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजीव भारद्वाज ने जिस भी स्कूल में सेवाएं दी, स्कूली स्टाफ हमेशा उनकी कार्यशैली पर कायल रहा है। समाज को ऐसे शिक्षकों के अनुभवों का शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आने वाले समय में उपयोग व सहयोग लेना चाहिए। यह बात जिले के युवा नेता रोहित ठाकुर ने राजकीय सीसे स्कूल हरनोड़ा में प्रधानाचार्य रहे राजीव भारद्धाज के निवास पंजगाईं में आयोजित सेवानिवृत्त समारोह पर साझा की। इस समय से बेहतर क्या समय होगा जब शिक्षा विभाग से 33 साल अपनी सेवाएं देते हुए खुशी से सेवानिवृत हुए है और यह क्षण सुखद एवं आनंद का विषय होता है। राजीव भारद्वाज हमेसा हर क्षेत्र में दक्ष रहे है। हमें अपने समाज को संवारने के लिए सेवानिवृत व्यक्तियों के अनुभवों का सहयोग लेना चाहिए क्योंकि हर फ ील्ड से सेवानिवृत्त हुए व्यक्ति के पास एक अलग अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि हर सेवानिवृत्त व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह अपनी सेवानिवृति के उपरांत समाज को अपनी सेवाएं किसी न किसी रूप में देता रहे। सेवानिवृति के दौरान सभी ने उनके उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर भी सम्मानित किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्ति आयोजन पर अपने निवास स्थान पंजगाई में कहलूरी धाम का भी आयोजन किया था।

# सीएम सुक्खू के दरबार पहुंचे पच्छाद कांग्रेस के बागी नेता

**नाहन/एसपी जैरथ**
जय आजाद-जय पच्छाद का नारा देने वाले पच्छाद कांग्रेस के बागी नेता बीते कल अपनी फरियाद लेकर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खु और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह के दरबार पहूंचे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के उपरांत पहले एक मर्तबा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर स्वयं सीएम और प्रतिभा सिंह से भेंट की गई थी परंतु सकारात्मक परिणाम न आने पर मुसाफिर लाव लश्कर के साथ शक्ति प्रदर्शन दिखाने शिमला पहूंचे। इस मौके पर बागी नेताओं ने पच्छाद में पुराना कांग्रेस मंडल बहाल करने की मांग उठाई।



सीएम ने भी इस मुददे को हाईकमान के समक्ष उठाने की बात करके अपना पल्ला झाड़ दिया। वहीं पर पच्छाद में वर्तमान में कार्यरत मंडल भी अपना शक्ति प्रदर्शन करने शिमला जाने की तैयारी कर रहे हैं। पच्छाद मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि पच्छाद कांग्रेस में बीते चालीस वर्षों से एकाधिकार ही रहा है किसी को आगे आने का मौका नहीं दिया गया जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। इनका कहना है कि हाईकमान के निर्णय का यदि स्वागत किया होता तो पच्छाद से कांग्रेस की सीट पक्की थी और मुसाफिर किसी अन्य उच्च पद पर विराजमान होते। जिससे मुसाफिर को दबदबा भी कायम रहना था । हांलाकि अभी भी सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं । बताया कि राजनीति में संगठन सर्वोपरि होता है व्यक्ति विशेष नहीं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रतिभा सिंह ने राजगढ़ जनसभा में कहा था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर मुसाफिर का मान सम्मान कायम रखेगी परंतु मुसाफिर चुनाव लड? से नहीं माने।

गौरतलब है कि बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का टिकट न मिलने पर जीआर मुसाफिर ने 1982 की तर्ज पर 2022 में आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। कांग्रेस की आपसी लड़ाई के चलते इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला और रीना कश्यप दूसरी बार विधायक बनकर विधानसभा में पहूंची। इसके बावजूद भी कांग्रेस की झोली में 17 हजार से अधिक वोट पड़े। हालांकि हाटी मुददा चुनाव में भाजपा नहीं भुना सकी जिसके चलते शिलाई और रेणुका में कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। सबसे अहम बात यह है कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने पच्छाद में किसी भी बागी कार्यकताओं को अभी तक पार्टी से निष्कासित नहीं किया गया है।

# पोकलैंड मशीन की चपेट में आया मजदूर, दर्दनाक मौत

**नाहन/एसपी जैरथ**
पुलिस थाना शिलाई के अंतर्गत नेशनल हाईवे के कार्यों में लगी पोकलैंड मशीन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। मजदूर की पहचान शीशपाल निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को करीब 3:30 बजे गगटोली के समीप एनएच पर दो पोकलैंड मशीनें कटिंग के कार्यों में जुटी हुई थी। इसी दौरान मृतक शीशपाल सडक पर फ्लैग मैन का कार्य कर रहा था। शीशपाल सडक पर आने-जाने वाले वाहनों को रोक रहा था।

# हमीरपुर कॉलेज में 'मैथेमेटिक्स इन स्पेस एंड अप्लाइड साइंसेज' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने वैज्ञानिकों, स्कॉलर्स और शिक्षाविदों से आग्रह किया कि वे स्कूली विद्यार्थियों के साथ नियमित रूप से सीधा संवाद करें। इससे इन बच्चों में साइंस एवं रिसर्च के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे भविष्य में उत्कृष्ट साइंटिस्ट बनेंगे। विद्यार्थियों के साथ अधिक से अधिक संवाद करें वैज्ञानिक और स्कॉलर्स रू सुनील शर्मा बिट्टू सुनील शर्मा बिट्टू शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर में 'मैथेमेटिक्स इन स्पेस एंड अप्लाइड साइंसेजइ पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा डीआरडीओ के सौजन्य से किया जा रहा है। इसमें डीआरडीओ, आईआईटी, आईआईएसईआर, एनआईटी और अन्य




प्रतिष्ठित संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से 200 से अधिक वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के आयोजन के लिए गणित विभाग और डीआरडीओ की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इस तरह के आयोजनों में विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा इसमें बजट की कमी आड़े नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दे रही है और इनके लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कमान संभालते ही सुखविंदर

**8 उदघाटन सत्र में संयुक्त अरब अमीरात के प्रोफेसर जीपी राव और डीआरडीओ के वैज्ञानिक डॉ. एसके पॉल मुख्य वक्ताओं के रूप में उदबोधन रखा।**

सिंह सुक्खू ने इस दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों के कारण ही हमीरपुर में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री इस महाविद्यालय को एक उत्कृष्ट मेडिकल संस्थान बनाने के लिए व्यापक कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने यहां अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी और अन्य वर्ल्ड क्लास सुविधाएं आरंभ करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर कालेज प्रबंधन और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सुनील शर्मा ने उम्मीद जताई कि यह सम्मेलन आने वाले समय में आम विद्यार्थियों को गणित एवं साइंस की ओर प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ी भूमिका अदा करेगा। उदघाटन सत्र में संयुक्त अरब अमीरात के प्रोफेसर जीपी राव और डीआरडीओ के वैज्ञानिक डॉ. एसके पॉल मुख्य वक्ताओं के रूप में उदबोधन रखा। मेजबान कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. चंदन भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे। जबकि,कालेज के गणित विभाग के प्रोफेसर एवं सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. जीसी राणा ने मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ताओं अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन के दोपहर बाद के सत्र को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर गजेंद्र प्रताप सिंह, तुर्की की डॉ. हैजल और कैरियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के डॉ. केएल वर्मा ने संबोधित किया।

## मानसिक तनाव सबसे खतरनाक बीमारी: डॉ. पाठक

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जोनल अस्पताल मंडी में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी और मेंटल हेल्थ केयर एक्ट के बारे में बताया गया। इसमे पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारियों व चिकित्सकों ने मानसिक स्वास्थ्य से ग्रस्त मरीजों को ठीक करने तथा लाने व लेजाने में जिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है उन पर चर्चा की गया। वही स्टेट मेंटल हेल्थ के सीईओ डॉ. संजय पाठक ने बताया कि मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 को प्रदेश में लागू करने के लिए और पुलिस तथा चिकित्सकों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आधुनिकता के दौर में मानसिक बीमारियों में इजाफा हो रहा है परंतु उसके साथ साथ सुविधाएं भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले 1 या 2 ही मेडिकल कॉलेज प्रदेश में थे लेकिन समय के साथ आज 6



मेडिकल कॉलेज जो कि सरकारी है और एक निजी क्षेत्र में है साथ ही एम्स भी बनकर तैयार हो चुका है। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि इस शिविर में पुलिस और चिकित्सा अधिकारियों को मेंटल हेल्थ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मेंटल हेल्थ एक्ट के प्रोविजन पर चर्चा की गई। और पुलिस विभाग व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के बीच मेंटल हेल्थ केयर एक्ट को लेकर समन्वय स्थापित किया जा सके और मानसिक स्वस्थ से ग्रसित मरीजों को किस तरह से सुविधा प्रदान की जाए और कानूनी तौर पर उसे किस तरीके से इलाज मोहिया करवाया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### चंबा से कोहलडी रूट पर बस सेवा शुरू: विधायक नीरज नैय्यर

**चंबा/हामिद**

विधायक नीरज नैय्यर ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबा से कोहलडी रूट पर हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गत कुछ महीनों से चंबा से कोहलड़ी बस सेवा को किसी कारण बंद कर दिया गया था, अब इस रूट को बहाल कर दिया गया है। इन बस रूट के सुचारू होने से क्षेत्र के लोगों को विशेषकर कॉलेज और स्कूल के बच्चों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि चंबा-कोहलडी रूट पर निगम की बस चंबा से शाम 4:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8:15 बजे कोहलडी से चंबा के लिए रवाना होगी।
उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर छोर को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी एवं परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।
विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार यात्रियों को शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करने और बस अड्डों पर आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### होली संध्या को लेकर सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण




**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

25वीं सूत्रधार होली संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस 25वीं सूत्रधार होली संध्या को लेकर सूत्रधार के कलाकारों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है।
संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बतलाया कि ये 25वीं सूत्रधार होली संध्या का सांस्कृतिक कार्यक्रम 04 मार्च शनिवार को अटल सदन कुल्लू के विशाल सभागार में सायं 6:30 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस 25वीं सूत्रधार होली संध्या का आयोजन सूत्रधार कला संगम व सांस्कृतिक परिषद कुल्लू के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसमें सुंदर सिंह ठाकुर मुख्य संसदीय सचिव हि.प्र. मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगें तथा आशुतोष गर्ग उपायुक्त कुल्लू इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगें। यह 25वीं सूत्रधार होली संध्या विशेष रूप से सुप्रसिद्ध लेखक, गायक व संगीतकार स्व. राम कुमार कपूर को समर्पित रहेगी तथा इन्हीं की रचनाओं के साथ-साथ कुल्लू की प्रसिद्ध प्रचलित व पारम्परिक होली गीतों का गायन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने हेतु इसमें होली से सम्बन्धित नृत्यों की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी।
यह सम्पूर्ण कार्यक्रम सूत्रधार के कलाकारों द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष यनिन्द्र कपूर व प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर की रहनुमाई में तैयार किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने यह भी बतलाया कि यह संगीतमयी कार्यक्रम आम जनमानस के लिए निशुल्क रहेगा तथा उन्होंने सर्व साधारण से अनुरोध किया कि वह हर बार की भांति इस बार भी 25वीं सूत्रधार होली संध्या के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारकर इसका भरपूर लुत्फ उठायें।

## डॉ. राजेश कौशिक को कृषि निदेशक के पद का कार्यभार सौंपने पर दी बधाई

**शिमला/चमन शर्मा**



कृषि विभाग में कार्यरत डॉ. राजेश कौशिक, संयुक्त कृषि निदेशक को हिमाचल सरकार द्वारा कृषि निदेशक के पद का कार्यभार सौंपने पर हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ द्वारा उन्हें बधाई दी तथा मुख्यमंत्री हि.प्र., कृषि मंत्री हि.प्र. व सचिव कृषि हिमाचल प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। डॉ. राजेश कौशिक ने कृषि विभाग में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी है तथा हर पद पर रहते हुए पूर्ण निष्ठा, लगन व मेहनत से विभाग के कार्यों को करते रहे है तथा किसानों की समस्याओं को सुलझाने हेतु हर समय प्रयासरत रहते हैं। डॉ. राजेश कौशिक, ने इस नई जिम्मेदारी के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का धन्यवाद प्रकट किया है। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय गतिविधियों व योजनाओं पर पूर्णतः ध्यान देने पर बल दिया, ताकि किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों का भरपूर लाभ प्राप्त हो सके।

## विकासात्मक कार्यों को दिया जाएगा विशेष अधिमान: पठानिया

**चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि जनसेवा और विकास उनके राजनीतिक जीवन का आधार और मूलमंत्र है। इसी के सहारे वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया सिहुँता विश्राम गृह में जनसमस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। भटियात विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने को अपना मुख्य उद्देश्य बताते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षा, सडक, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए विशेष अभिमान दिए जाने की बात कही।



उन्होंने यह भी कहा कि जनसेवा को एक मात्र लक्ष्य मानकर वे सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों कार्यक्रमों को समान रूप से समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित बनाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय सहायता कोष का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने निराश्रित बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए 101 करोड़ रुपए की योजना शुरू की है। इस कोष के माध्यम से निराश्रित बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ मेडिकल कॉलेजएपैरा मेडिकल या अन्य शिक्षण संस्थानों में संस्थान में पढ़ाई के खर्च के साथ उन्हें घूमन-फि रने और 500 रुपए त्यौहार भत्ते के रूप में उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुँता विश्राम गृह में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकांश जनसमस्याओं का समाधान करते हुए शेष लंबित शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर निर्देशित किया। इस अवसर एसडीएम सुनील कैंथ, वन मंडल अधिकारी कमल भारती, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्ष पुरी,अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग राकेश कुमार, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## कानूनी साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपायुक्त कार्यालय सभागार में कानूनी साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन मण्डल अधिकारी अनिकेत वेहनवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वन मण्डल अधिकारी ने अपने सम्बोधन में लाहौल में वन कटान को रोकने में स्थानीय महिला मंडलों के योगदान की सराहना की। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस आरक्षी मनीषा ने उपस्थित महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाये गये कानूनों और अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मनीषा ने इस अवसर पर लैंगिक समानता, गरिमा और शालीनता से जीने का अधिकार,



कार्यालयों में उत्पीडन से सुरक्षा, घरेलु हिंसा के खिलाफ अधिकार, मुफ्त कानूनी मदद का अधिकार, वर्चुअल शिकायत दर्ज करने का अधिकार व जीरो एफ आईआर का अधिकार के बारे में जानकारी दी।
कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविन्द्र ने भी भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाये गये कानूनों की जानकारी भी दी।

## एनटीटी कोर्स के बारे में स्थिति स्पष्ट करें सरकार : जीएस मत्तल

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

राधाकृष्णन मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष जीएस मित्तल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में एनटीटी की नियुक्ति और भर्ती को लेकर जो बवाल मचा हुआ है वह तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा है कि जब एनटीटी का कोर्स हिमाचल में ही नहीं बल्कि पूरे देश में कोई सरकार अपने स्तर पर करवाती ही नहीं है।

## स्नो मैराथन से जुड़ा गार्मिन इंडिया

**शिमला/चमन शर्मा**

आगामी 12 मार्च, 2023 को लाहौल के स्पीति में आयोजित की जाने वाली देश ही पहली और विश्व की सबसे उंची स्नो मैराथन के साथ गार्मिन इंडिया जुड़ गया। अवार्ड स्पांसर के रुप में जुड़ा गार्मिन महिला और पुरुष वर्ग के सभी चैंम्पियनों को पुरस्कृत करेगा। गार्मिन इंडिया ने गत वर्ष भी विजेताओं को सम्मानित किया था और इस संस्करण में अपनी परम्परा को कायम रखते हुये गार्मिन अवार्ड स्पांसर के रुप में इस प्रतिष्ठित आयोजन से जुड़ा है।

## छोटी काशी मंडी में 6 मार्च को मनाई जाएगी होली

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**

देशभर में जहां 8 मार्च को होली होगी वहीं छोटी काशी मंडी में इस मर्तबा 2 दिन पहले 6 मार्च को होली का आयोजन हो रहा है। होली को लेकर उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने 6 मार्च को स्थानीय अवकाश की अधिसूचना जारी कर दी हैं। छोटी काशी में होली मथुरा और वृंदावन की तर्ज पर मनाई जाती है। होली पर्व को लेकर मंडी शहर के बाजार रंगों से गुलजार हो गए है। पर्व को लेकर व्यापारियों ने सेरी पर रंगों के स्टॉल लगा दिए हैं जिसमें बच्चों के लिए तरह तरह की पिचकारियां बिक्री के लिए रख दी हैं। पर्व को लेकर लोगों ने खरीददारी करनी भी शुरू कर दी हैं। व्यापारियों की मानें तो होली पर्व मंडी में इस मर्तबा दो दिन पहले मनाया जा रहा हैं जिसको लेकर उन्होंने अपनी दुकानें सजा दी है। मंडी के सेरी मंच पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा प्राकृतिक रंग लोगों के लिए उपलब्ध है। यह रंग बुरहा के फूल, चावल आटा और हल्दी, कमबल के बीज, मुल्तानी मिट्टी से बनाए रंग ग्राहकों की पहली पसंद बन रहे हैं।







## स्वास्थ्य विभाग में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**चंबा/हामिद**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में स्वास्थ्य कार्यकताओं को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफ र्म एवं एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कपिल शर्मा ने की। इस प्रशिक्षण में जिला चंबा के सभी स्वास्थ्य खंडों के लगभग 35 महिला और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकताओं ने भाग लिया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हरित पुरी ने उपस्थित



सदस्यों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि इस प्रोग्राम को चलाने का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर संक्रामक एवं असंक्रामक रोगों के फैलने पर निगरानी रखना एवं उनके फैलने पर तुरंत कार्यवाही करके उनके रोकथाम हेतु तुरंत प्रबंध करना है ।ताकि यह समुदायिक स्तर पर महामारी का रूपधारण न करे। इसके लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं उपस्थित कार्यकताओं को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी ।जिसमें स्वास्थ्य अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में आशा वर्कर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर यह निगरानी रखेंगे कि उनके क्षेत्र में कोई संक्रामक यह असंक्रामक बीमारी के अधिक मामले तो नहीं निकल रहे हैं अगर कहीं इस प्रकार के मामले निकलते हैं तो तुरंत उस पर कार्यवाही करके उस बीमारी के प्रकार, कारण संख्या, कहां हुई, इसके बारे में डाटा एकत्रित करके अपने उच्च अधिकारी को तुरंत सूचना देंगे ताकि समय पर उस पर उचित कार्यवाही करके उसके रोकथाम हेतु उचित कदम उठाए जा सकें। ताकि वह बीमारी महामारी का रूप धारण करके बड़ी समस्या का कारण न बन सके।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक दिवसीय आजीविका परामर्श कार्यशाला आयोजित

**शिमला/चमन शर्मा**

महिला एवं बाल विकास विभाग शिमला द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनाइ के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व गतिविधि के अंतर्गत एक दिवसीय आजीविका परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपमण्डलाधिकारी शिमला ग्रामीण निशांत ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी छात्राओं से आह्वान किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करें। कार्यशाला में जिला रोजगार अधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि जिला शिमला में 77 रोजगार कार्यालय है, जो रोजगार के अवसरों को प्रदान करने में अहम



भूमिका निभाते है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास के लिए 5 हजार रुपये भत्ता, बेरोजगारी भत्ता एक हजार रुपये प्रति माह दिया जाता है तथा औद्योगिक कौशल विकास भत्ते का भी प्रावधान है उनके द्वारा यह भी बताया गया है कि रोजगार कार्यालय का फेसबुक पेज भी है, जहां रोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीण विकास विभाग उप.निदेशक अभिषेक भरवाल ने छात्राओं को बताया कि अपना लक्ष्य निर्धारित करे तथा उसके लिए भरसक प्रयास करें, जिससे वह अपने लक्ष्य को पूरा करने में अवश्य सफल होंगे। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने इस उपलब्धि को बिना किसी कोचिंग के प्राप्त किया है। उन्होंने छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित कियाए जिसके लिए उन्होंने कुछ किताबों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने छात्राओं को तनाव मुक्त रहने के लिए योग तथा व्यायाम का सहारा लेने के लिए भी कहा। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला ममता पॉल ने कार्यक्रम की रुपरेखा रखते हुए बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य कॉलेज के छात्रों को रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत भी करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है तथा जिला शिमला में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन खण्ड स्तर पर भी किया जाता है।इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने जिला कार्यक्रम अधिकारी शिमला व अन्य उपस्थित अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होना आवश्यक है तथा कहा कि 21वीं शताब्दी महिलाओं की शताब्दी है और राष्ट्र के विकास में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी को नकारा नहीं जा सकता क्योंकि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र की उन्नति में बराबर का योगदान दे रही है इसलिए करियर से संबंधित परामर्श छात्राओं की जरूरत व समय की मांग है।

कार्यशाला में बाल विकास परियोजना अधिकारी शिमला शहरी व मशोबरा तथा कॉलेज की लगभग 750 छात्राओं ने भाग लिया।

# पहली सांस्कृतिक संध्या में कांगड़ा के झमाकड़ा और भांगड़ा ने बांधा समां

## अखिल भारतीय पुलिस जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत हुआ आयोजन

**ऊना/राजन पुरी**

अखिल भारतीय पुलिस जल क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत वीरवार शाम को लता मंगेशकर कला केंद्र समूर कलां में पहली सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और पुलिस विभाग के महानिदेशक डॉ. संजय कुंडू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पहली प्रस्तुति तिब्बती कलाकारों ने तिब्बती लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए दी। जबकि इसके बाद चूड़ेश्वर कला मंच सिरमौर के कलाकारों ने मनमोहक नाटी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कांगड़ा जिला से आए कांगड़ा कला मंच के कलाकारों ने झमाकड़ा प्रस्तुत



कर खूब वाहवाही बटोरी।

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति पुलिस के युवा महिला एवं पुरुष कांस्टेबल्स की भांगड़ा प्रस्तुति रही। भांगड़ा प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद दर्शकों को भी झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर एसपी ऊना अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि देश के 19 राज्यों से आई जल क्रीड़ा टीमों के लिए इन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके जरिए दूरदराज प्रदेशों से आए खिलाड़ियों को हिमाचली संस्कृति की विभिन्न झलकियां दिखाई जा सके। उन्होंने कहा कि दूसरी सांस्कृतिक संध्या को हिमाचल पुलिस के प्रसिद्ध पाइन्स ऑफ हामोर्नी बैंड द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### छेत्रां में खड़े टिप्पर से डीजल चुराते एक काबू

**ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत छेत्रां में खड़े टिप्पर से एक व्यक्ति को रंगे हाथ डीजल चुराते हुए पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान गुलजार निवासी दुलैहड़ के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से डीजल से भरा एक कैंन व दो खाली कैंन बरामद किए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने डीजल चोरी के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शोभाराम निवासी राजस्थान ने बताया कि कई दिनों से स्टोन क्रैशन छेत्रां में खड़े ट्रकों से डीजल चोरी हो रहा था। ऐसे में वीरवार रात्रि को अपने साथी रोशन के साथ ट्रकों के पास छुपकर बैठ गया। इसी दौरान एक व्यक्ति तीन कैंन लेकर पहुंचा और खड़े एक टिप्पर से डिजल तेल निकालने लगा। एक कैंन भरते ही हम दोनों ने व्यक्ति को तेल चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति की पहचान गुलजार निवासी दुलैहड़ के रूप में हुई। डीएसपी हरोली अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने टिप्पर से डीजल चोरी के आरोप में व्यक्ति को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### लालूवाल में अभिभावकों को बच्चों की अंतिम परीक्षा बारे जानकारी

**ऊना/राजन पुरी**

राष्ट्रीय एकता मंच ऊना द्वारा संचालित एनआरएसटी केंद्र लालूवाल में राजकीय प्राथमिक विद्यालय छेत्रां स्कूल प्रबंधन की सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर केंद्र की प्रभारी नीलम कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान जेबीटी अध्यापक वीरेंद्र कुमार व स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रधान मंजू देवी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर जेबीटी अध्यापक वीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को बच्चों की अंतिम परीक्षा और एनआरएसटी केंद्र के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

### मुच्छाली में अवैध कटान मामला....

**ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मुच्छाली के गांव में हुए अवैध कटान पर ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि बिना पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिए ही राजस्व विभाग के कानूनगों को लेकर निशानदेही करवा दी। जिससे साफ है कि वन विभाग दोषियों को बचाना चाहता है। ऐसे में ग्रामीणों ने पंचातय प्रतिनिधि की अगुवाई में शुक्रवार को रेंज ऑफिसर बंगाणा को ज्ञापन सौंप पुनः निशानदेही करवाने की मांग उठाई है। पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग ने उक्त गांव के एक व्यक्ति को साथ लेकर निशानदेही करके खानापूर्ति कर दी। स्थानीय पंचायत प्रधान विजय शर्मा, उपप्रधान अजय शर्मा, वार्ड सदस्य महिंद्र सिंह एवं समस्त प्रतिनिधियो का कहना है कि फारेस्ट विभाग अवैध कटान की निशानदेही कर रहा है और पंचायत को सूचना तक नहीं। उन्होंने कहा कि उक्त जगह की निशानदेही दोबारा हो, जिसमें पूरे गांव वासी मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि अगर दोषियों को अवैध कटान करने पर वन विभाग बंगाणा ने बचाने का प्रयास किया, तो सैकड़ो गांव वासी विभाग के मुख्य कार्यालय बंगाणा में धरना प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी वन विभाग बंगाणा की होगी।

निशानदेही की रिपोर्ट आनी शेष

उधर, मामले को लेकर रेंज ऑफिसर सुरेंद्र शर्मा का कहना है कि उक्त भूमि पर हुई निशानदेही की रिपोर्ट अभी आनी है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं बंगाणा फारेस्ट के डिप्टी रेंजर बाल किशन शर्मा ने कहा कि मुच्छाली में हुए कटान पर निशानदेही की गई और वह भूमि मलकीयत निकली है। अगर गांव वासी दोवारा निशानदेही चाहते है, तो हम दोवारा पूरे गांव को साथ लेकर निशानदेही करवाएंगे।

आरओ बंगाणा को दिए आदेश

जिला वन विभाग अधिकारी सुशील राणा ने कहा कि बंगाणा में मुच्छाली में हुए खैर के अवैध कटान पर निशानदेही की क्या रिपोर्ट है, यह अभी जानकारी नहीं पहुंची है।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत चार पर मामला दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**

महिला थाना ऊना के तहत सनोली गांव की एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड? व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमृता सिंह ने बताया कि मेरी शादी अक्तूबर 2017 को नवांशहर के गुरमुख सिंह से हुई थे, जो कि विदेश में ड्राईवर का काम करता है। शादी के कुछ दिनों बाद ही दहेज को लेकर पति समेत परिवारिक सदस्य ताने मारने लगे। करीब एक माह बाद पति के साथ विदेश चली गई, जहां पर चार वर्ष बाद बेटी पैदा हुई। बेटी के पैदा होने पर भी पति अभद्र व्यवहार करता था। विदेशी सरकार द्वारा बेटी को मिलने वाले पैसे को अपने खाते में जमा करवाता था। सिंतबर 2022 को मुझे घर भेज दिया और खुद तीन माह बाद घर आया। पंजाब आने के बाद फिर से पति सहित सभी परिवारिक सदस्यों ने गली गलोच करने लगे। मायके न जाने की बात कहते हुए जान से खत्म करने को कहते थे। जब मायके जाने लगी, तो बेटी को छीन लिया गया।

# अढ़ाई किलो चरस के साथ हरियाणा का व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू**

थाना सैंज के अंर्तगत पुलिस ने चरस की बड़ी खेप बरामद की है।

इतनी बड़ी खेप कहां से खरीदी गई इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। नशा तस्करी का मामला शुक्रवार सुबह सवेरे उस दौरान सामने आया जब पुलिस टीम धामण पुल के समीप नाका पर मौजूद थी ओर आने जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। उसी दौरान सामने से एक टैक्सी एच पी 01 के - 7535 आई जिसे जांच के लिए रोका गया।

पुलिस को देखते ही गाड़ी में



सवार व्यक्ति घबरा गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर जब तलाशी ली तो दो किलो 603 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी संजू (40) पुत्र गोपी चंद निवासी करनाल, हरियाणा के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी तस्कर को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा पूरी की जा रही है।

# रौणखर में केंद्र व प्रदेश सरकार की बताई योजनाएं

**ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा की खरयालता पंचायत के गांव रौणखर में दत्तो पंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा शुक्रवार को जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में उपस्थित बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक जगदीप सिंह ने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर मुच्छाली पंचायत के उपप्रधान अजय शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्य संचालक जगदीप सिंह व अन्य विभागों से आए हुए अधिकारियों ने शिविर में प्रधानमंत्री द्वारा सुरक्षा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा



योजना, अटल योजना, सुकन्या समृद्धि बचत खाता योजना, फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, शगुन योजना व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाओं को साझा किया। इस अवसर पर स्थानीय उप प्रधान अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, मोहित, रीना, प्रोमिला, शशि, कंचन, अमीषा, रेणु, अंजना, आशा देवी, मोनिका देवी व रीना सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्राथमिक कृषि सेवा कर्मचारी संघ ऊना की बैठक 6 को

**ऊना/राजन पुरी**

हिमाचल प्रदेश प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ ऊना की बैठक 6 मार्च को आयोजित की जा रही है।

जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि बैठक सीएएस कुठियाड़ी में सुबह 11 बजे शुरू होगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

इस दौरान युनियन के कुछ पदों का विस्तार करने व कर्मचारियों को आ रही समस्याएं के बारे चर्चा करने समेत अन्य पहलुओं पर विचार किया जाएगा।

# मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र की मांगो-समस्याओं पर करेंगे कार्य : विक्रमादित्य सिंह



**शिमला/चमन शर्मा**

शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की सभी मांगों को पूरा करने और समस्याओं को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्य किया जाएगा। मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निपटाया जाएगा। लोक निर्माण युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह बात आज राजकीय डिग्री कॉलेज धामी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा के सभी क्षेत्रों में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को निपटाया जाएगा। उन्होंने इस दौरान कॉलेज प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों से विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे ले जाने के लिए सहयोग की अपील भी की। विक्रमादित्य सिंह ने कॉलेज के अभिलेखागार एवं संग्रहालय का उद्घाटन किया। उन्होंने स्थानीय छात्रों एवं लोगों को आश्वस्त किया कि आगामी शैक्षणिक सत्र में कॉलेज में विज्ञान कक्षाओं को शुरू करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कॉलेज में आईटी लैब स्थापित करने खेल का मैदान निर्मित करने सभागार निर्मित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। इस संबंध में कार्ययोजना को तैयार करने के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा।

उन्होंने कॉलेज में जनसंचार की कक्षाएं शुरू करने का आश्वासन दिया। चारदीवारी का कार्य करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी दिशा निर्देश इस मौके पर उन्होंने जारी किए। मंत्री ने स्कूल के साथ लगते विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्यापकों और गैर अध्यापकों के पदों को भरने के लिए सरकार से मामला उठाने की बात कही। उन्होंने कहा की शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की कमी को पूरा क्या जाएगा ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों को दी जा सके। उन्होंने कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों से अपील की कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करें ताकि इस कॉलेज का नाम रोशन हो सके और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह का सपना भी पूरा हो सके।

# उपायुक्त कांगड़ा ने लॉच किया 'सहायता मॉड्यूल'

**धर्मशाला**

कांगड़ा जिला प्रशासन ने सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से सरकारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी तथा प्रक्रियाओं को सरल व सुगम बनाने की अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एक और नई पहल की है। इसके तहत डीसी कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने शुक्रवार को धर्मशाला में ह्यसहायता मॉड्यूलह्व का शुभारंभ किया। जिला एनआईसी टीम द्वारा अंतर विभागीय उपयोग के लिए तैयार ये मॉडयूल मंदिरों से गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता में दोहराव की समस्या के



समाधान में सहायक होगा। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिले में स्थित बड़े मंदिरों के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता उपायुक्त कार्यालय, मंदिर अधिकारी कार्यालय और सहायक आयुक्त मंदिर एवं एसडीएम कार्यालय के माध्यम से दी जाती है। इसमें डुप्लीकेसी न हो और एक ही मामले में अलग-अलग कार्यालयों से बार-बार सहायता आवेदनों के मामले न आएं। इस व्यवस्था को बनाने के लिए यह वित्तीय सहायता माड्यूल तैयार किया गया है।

डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि इस मॉड्यूल में जिले में आवेदकों को मंदिरों से प्रदान की गई वित्तीय सहायता का पूरा ब्योरा अपलोड किया जाएगा, जिससे कोई भी नया आवेदन आने पर पूर्व प्राप्त सहायता को लेकर आधार कार्ड नंबर से डाटा चेक करने की सुविधा होगी। इससे संबंधित कार्यालय में जानकारी रहेगी कि ओवदक को पहले इसमें सहायता दी जा चुकी है अथवा नहीं।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में गत दिवस को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कुल्लू जिले के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सम्बंधित विभागाध्यक्षों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए शीघ्र सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मनाली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 3 पर सभा रेस्टोरेंट्स से क्लब हाउस तक बाईपास रोड से



सम्बंधित एफ सीए केस अपलोड कर लिया गया है तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट कर दी गई है। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को मामला प्रदेश सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण के लिए मनाली विधानसभा क्षेत्र के तहत बन्दरोल में स्थान चयनित किया गया है। युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा जिसका एफ सीए केस अपलोड किया जा चुका है, उपायुक्त ने जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को इसकी शीघ्र विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गये हैं। बैठक बताया कि मनाली में आईस स्केटिंग रिंक के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है तथा इसके विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शदाता सेवाएं ली जा रही है उपायुक्त ने आईस स्केटिंग रिंक के निर्माण से सम्बन्धित अन्य ओपचारिताएँ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि सोलंग वैली में वे साईड़ सुविधाएं विकसित करने के लिए भी स्थान चिह्नित कर लिया गया है। तथा मामला स्वीकृति के लिये भेजा गया है। बैठक में बताया कि जिले मे डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों में भूमि का चयन कर लिया गया है तथा एफसीए से सम्बंधित औपचारिकताए भी पूर्ण कर अपलोड किया जा चुका है।

उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कुल्लू को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए चिह्नित स्थानों की एफसीए से सम्बन्धित औपचारिताएँ पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक की कार्यवाही का संचालन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दीप्ति मंढोत्रा ने किया। बैठक मे डीएफ ओ, एसडीएम मनाली डॉ सुरेंद्र ठाकुर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आम लोग परेशान

**धर्मशाला**-हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने बढ़ती मंहगाई के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव पुनीत मल्ली ने यहां जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि महंगाई की चक्की में आम आदमी बुरी तरह पिस रहा है। जरुरी वस्तुओं की कीमतें आसमान पर पहुंच चुकी हैं, जबकि अब घरेलू एलपीजी व कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में फिर से वृद्धि कर केंद्र की सरकार ने महंगाई की आग में घी डाला है।

उत्तर रेलवे G20

एक स्टेशन एक प्रोडक्ट के अंतर्गत स्टाल

संख्या: 23 ए.सी./कैटरिंग/ओ.एस.ओ.पी./20/22 दिनांक 03.03.2023

इस कार्यालय के पत्र संख्या वही दिनांक 03.10.22 के अनुसार समाचार पत्रों में 14 स्टेशनों (सहारनपुर, जगाधरी यमुनानगर, बराड़ा, अम्बाला छावनी, चंडीगढ़, कालका, शिमला, राजपुरा, सरहिंद, पटियाला, धुरी, बरनाला, बठिंडा, अबोहर) के लिए "एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" के अंतर्गत स्टाल लगाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन सम्बंधित स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक के पास जमा करने थे।

अब इस समसंख्यक पत्र के माध्यम से एक बार पुनः अवगत कराया जाता है की "एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" स्टाल दिनांक 10.03.2023 से शुरू होना है, अतः इच्छुक पार्टी अपना संबंधित स्टेशन पर जमा करवा सकती है।

1. आवेदक (आई कार्ड होल्डर कारीगर/जुलाहा, व्यक्तिगत कारीगर/जुलाहा/शिल्पकार इन संस्थाओं TRIFED/NHDC/KVIC में रजिस्टर्ड, स्व सहायता समूह PMEGP के पास रजिस्टर्ड, उपेक्षित समूह एवम कमजोर वर्ग) अपना आवेदन सम्बंधित स्टेशन अधीक्षक स्टेशन पर जमा करेगा।
2. रुपए 1000/– टोकन फीस सम्बंधित स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय में 15 दिनों की जमा की जायेगी। अगर एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते है तो लाटरी माध्यम द्वारा कार्य करने वाले आवेदक का चुनाव किया जायगा। आवेदन सम्बंधित स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक को संबोधित किये जाये। यह एक निरंतर प्रक्रिया है।
3. चुने गए आवेदक से एक अंडरटेकिंग आवेदन के साथ ली जायगी, जिसमें लिखा होगा कि कार्य के दौरान ट्रेन संचालन, यात्रियों की सुरक्षा एवम रेलवे की छवि खराब नहीं होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ [illegible]

686/23

## संपादकीय

# अशिक्षा,अज्ञानता विकास के लिए घातक

**अशिक्षा** और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है' यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है' यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है'

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है' उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है' शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए' बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है।

# महाराष्ट्र में भाजपा के खिलाफ महाविकास अघाड़ी

**सुनील कुमार महला**

> "चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, रवींद्र चव्हाण और चंद्रकांत पाटिल को कसबा और चिंचवाड़ में तैनात किया गया था। बहरहाल, भाजपा को करारा झटका लगने के बाद अब इस हार का ठीकरा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले समेत अन्य नेताओं पर फोड़ा जा रहा है।
> इन चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने तरीके से नेताओं का विश्लेषण करते नजर आ रहे हैं और नेताओं की आलोचना कर रहे हैं।
> इससे भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी भी देखी जा सकती है। पिंपरी चिंचवाड़ और कसबा उपचुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर पुणे के पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकर्ताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं"

**महाराष्ट्र में** आये उपचुनाव के नतीजों ने आगामी चुनावों में भाजपा को सोचने पर मजबूर होना ही पड़ेगा । कसबा सीट पर 28 साल पुराना किला महाविकास अघाड़ी ने तोड़ दिया है। कसबा पेठ सीट गंवाने के बाद विपक्षी महाविकास अघाड़ी की बढ़ती ताकत उसे ज्यादा परेशान कर रही है। वैसे, इन नतीजों की खास बात यह है कि भाजपा अपना परंपरागत वोट कसबा और चिंचवड, दोनों ही सीटों पर बचाने में सफल रही है। शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस के मिले जुले गठबंधन के वोटों की बदौलत उसे हार का मुंह देखना पड़ रहा है। यह केवल महाराष्ट्र नहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के बाद 48 सीटों के साथ महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव का दूसरा बड़ा खिलाड़ी है। यहां हुई गड़बड़ देश के स्तर पर परेशानी का सबब बन सकती है।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को दोनों उपचुनाव में 47 फीसदी से ज्यादा वोट पड़े हैं। आम तौर पर इतने वोट किसी भी सीट पर निर्णायक जीत हासिल करने के लिए काफी होने चाहिए। मगर एनसीपी, कांग्रेस के वोट और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की छिपी ताकत चिंता की लकीरें बढ़ाने का कारण बनी हुई है। देश के बाकी हिस्सों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू महाराष्ट्र में भी असर करता दिखाई पड़ रहा है और शिवसेना (उद्धव) का साथ छूटने के बाद अपने खुद के वोट बैंक में इजाफा करने में भाजपा काफी हद तक सफल भी रही है बावजूद इसके महाविकास अघाड़ी का मजबूत किला भेदने में भाजपा असफल रही । यह भी कड़वा सच है कि उद्धव ठाकरे के बिछड़ने की कोई पूर्ति महाराष्ट्र में होती दिखाई नहीं दे रही। तभी एक के बाद उसे झटके लगते रहे हैं। विपक्ष में दूरियां बनाने की कोशिश भी सफल होती दिख रही। एक के बाद एक विपक्षी नेताओं को जेल भेजने की कार्रवाई का उतना फायदा जमीन पर नजर नहीं आ रहा है। बल्कि तीनों पार्टियों का मिलकर भाजपा को पछाड़ने का एकत्रित संकल्प राजनीतिक पटल पर कहीं ज्यादा कारगर दिखाई दे रही है। वैसे भी, पार्टी ने जब से शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे को मुखिया बनाकर सरकार खड़ी की है, तब से राज्य में कोई निर्णायक राजनीतिक जीत दर्ज कराने में पार्टी असफल रही है। मई 2021 में पंढरपुर विधानसभा उपचुनाव की सीट भाजपा ने झटकी थी। तब से देगलूर (नांदेड़), कोल्हापुर उत्तर और अंधेरी



(मुंबई) के विधानसभा उपचुनावों में पार्टी बैकफुट पर नजर आई है। हाल में विधानपरिषद उपचुनाव में भी शिक्षक व ग्रैजुएट सीटों पर एकमात्र कोंकण शिक्षक सीट जीतने में सफल रही। इनमें भी नागपुर और अमरावती के गढ़ गंवाने की टीस उसे झेलनी पड़ी है। ताजा उपचुनाव में 28 वर्षों से गढ़ रही पुणे की कसबा पेठ विधानसभा सीट की हार पचाना आसान नहीं होगा। चिंचवड सीट बच तो गई, मगर शिवसेना का बागी उम्मीदवार 42 हजार वोट न खींचता, तो मुश्किल बढ़ सकती थी। एनसीपी उम्मीदवार को दिवंगत विधायक लक्ष्मण जगताप की विधवा ने 32 हजार वोटों से हराया है। वैसे देखा जाय तो कसबा पेठ विधानसभा उपचुनाव का नतीजा बिल्कुल भी चौंकाने वाला नहीं है। इस चुनाव में क्या होगा इसकी भविष्यवाणी पहले ही कर दी गई थी। कोई भी स्पष्ट बोलने को तैयार नहीं था कि केवल भाजपा ही क्यों सफल नहीं होगी, लेकिन यह आज स्पष्ट हो गया है। इसी तरह राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों में हुए चुनावों में भाजपा की नाकामी का कारण पार्टी की गलत प्लानिंग है। दरअसल भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभालने के बाद भाजपा को कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। बावनकुले के क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद स्थानीय स्वशासन चुनाव, शिक्षक स्नातक विधान परिषद, अंधेरी विधानसभा उपचुनाव, पुणे उपचुनाव हुए। उसमें हमें जो सफलता मिलनी चाहिए वह हमें दिखाई नहीं पड़ती। हालांकि बावनकुले प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन हर फैसला बावनकुले नहीं ले सकते, इसमें कोई न कोई दखलंदाजी करता है। इसलिए राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि फ्री होल्ड का फैसला नहीं लिया जा सकता। गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर पिछले कुछ चुनाव बावनकुले के नेतृत्व में हुए थे और भाजपा नागपुर की सीट बरकरार नहीं रख पाई थी जो उसका गढ़ है। 5 सीटों में से भाजपा को सिर्फ 1 सीट पर जीत मिली है और भाजपा को बड़ा झटका लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों की ओर से कहा जा रहा है कि चंद्रशेखर बावनकुले की स्थानीय स्वशासन के चुनावों में नागपुर सीट जीतने में नाकामी उन्हीं की वजह से है। राजनीतिक हलकों में इस बात की भी चर्चा है कि बावनकुले का प्रदेश अध्यक्ष होने के बावजूद प्रदेश के कई नेताओं पर कोई पकड़ नहीं है। हाल ही में हुए कसबा और चिंचवाड़ उपचुनाव में भाजपा ने प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों, राज्य के कैबिनेट मंत्रियों जैसे शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारा था। सारी ऊर्जा दांव पर लग गई लेकिन एक जगह जो कई वर्षों से हाथ में थी वह खो गई। कसबा की गरिमामयी सीट पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया। क्या कसबा और चिंचवाड़ में प्लानिंग फेल हो गई है? ऐसा सवाल उठाया जा रहा है। चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, रवींद्र चव्हाण और चंद्रकांत पाटिल को कसबा और चिंचवाड़ में तैनात किया गया था। बहरहाल, भाजपा को करारा झटका लगने के बाद अब इस हार का ठीकरा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले समेत अन्य नेताओं पर फोड़ा जा रहा है। इन चुनावों के नतीजों के बाद भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने तरीके से नेताओं का विश्लेषण करते नजर आ रहे हैं और नेताओं की आलोचना कर रहे हैं।

इससे भाजपा में अंदरूनी गुटबाजी भी देखी जा सकती है। पिंपरी चिंचवाड़ और कसबा उपचुनाव के नतीजे आने के बाद सोशल मीडिया पर पुणे के पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकर्ताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि पालक मंत्री चंद्रकांत पाटिल के कारण पुणे की सीट हार गई। बताया जा रहा है कि भाजपा पिछले कुछ महीनों से राज्य में चुनाव नतीजों में वोटरों को हल्के में लेने में नाकामी का सामना कर रही है। राज्य में भाजपा नेताओं को लगा कि देश में भाजपा की लहर है, तो इससे राज्य को भी फायदा होगा। लेकिन पिछले कुछ महीनों से राज्य में हो रही घटनाओं और राजनीति को देखते हुए भाजपा के खिलाफ प्रचार किया जा रहा है। इसलिए विपक्ष कह रहा है कि लोग भाजपा को नकार रहे हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, किसानों और आम लोगों को पेश आ रही दिक्कतें, दूसरे राज्यों में जाने वाले उद्योग और रोजगार शामिल हैं। इसलिए विपक्षी पार्टी के नेताओं का कहना है कि लोग भाजपा से नाराज हैं। महाविकास अघाड़ी पार्टी में शामिल तीनों दल राज्य में हर जगह भाजपा को मात देने के लिए कमर कस चुके हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण शिक्षकों और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के साथ-साथ चिंचवाड़ और कसबा उपचुनावों में भी देखने को मिला। महा विकास अघाड़ी की तीनों पार्टियां भाजपा को हराने और राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए आपस में समन्वय बनाकर लड़ रही हैं। लेकिन अगर चिंचवाड़ में राहुल कलाटे उम्मीदवार नहीं होते तो भाजपा उस सीट को भी गंवा देती। ध्यान देने योग्य बात है कि महाराष्ट्र में उद्धव सरकार गिरने के बाद माना जा रहा था कि विपक्ष पूरी तरह बिखर जाएगा, लेकिन सरकार गिरने के बाद गठबंधन और मजबूत हो गया है। कुछ समय पूर्व 16 दिसंबर को आजाद मैदान में महाविकास अघाड़ी ने हल्ला बोल रैली का आयोजन किया था। इस रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे और नाना पटोले भी शामिल हुए थे।

रैली में सभी नेताओं ने कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद और कोश्यारी को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह रैली महाविकास अघाड़ी का शक्ति प्रदर्शन था, जिसकी कामयाबी अब दिख रही है ।

## कविता

जिंदगी अग्नि परीक्षा
का नाम है,
उसे पास करो,
बाईपास करने की
कोशिश ना करो,
जिन्दगी को जीओ,
उसे समझने की
कोशिश ना करो,
चलते वक्त के साथ
चलो,वक्त को बदलने
की कोशिश न करो,
दिल खोल कर सांस लो,
अंदर ही अंदर घुटने
की कोशिश न करो..!
कुछ बातें प्रभु भोलेनाथ
पर छोड़ दो,
सब कुछ खुद
सुलझाने की कोशिश न करो,
जीवन मिला है
परोपकार कर जियो
स्वार्थ में जीवन जीने
की कोशिश ना करो,
कुछ भोलेनाथ
ने भी ठाना है,
बस उपासना करो
फल पाने की
कोशिश ना करो,
जीवन भोलेनाथ की देन है,
जी भर कर जियो

संजीव

# ऐसी तो न थी होली

विजय गर्ग

**होली** में जीवन का राग समाहित है। अब तक होली को हम जैसा भी देखते रहे हों, लेकिन अब होली उदास है। उमंग और उत्साह गायब है। शायद इसे नए जमाने की नजर लग गई। नए जमाने मतलब, नई सोच और नई जीवन शैली। जब जीवन शैली बदल जाती है, तो पर्व-त्योहारों के मानने के तौर-तरीके भी बदल जाते हैं। हालांकि सिर्फ होली की बात नहीं है, बल्कि हर पर्व-त्योहार के साथ भी कमोबेश ऐसा ही है।

चूंकि होली का लोक-जीवन से गहरा संबंध है, इसमें रिश्तों की आत्मीयता और उसकी गर्माहट के साथ लोक-संस्कृति इसमें चटक रंग दिखते थे, इसलिए होली के रंग का फीका पड़ना अधिक सालता है। अब होली में न तो भाईचारे और आपसी मिल्लत का राग रहा और न ही लोक-संस्कृति का रंग। एक समय होली का त्योहार आते ही ढोलक की थाप और मंजीरों पर चारों ओर फाग गीत गुंजायमान होने लगते थे। वासंती बयार के साथ फाग का राग घुल कर भावोत्पादकता के चरम पर होता था। ऐसा महसूस होता था जैसे पूरी सृष्टि नाच रही हो। लेकिन आधुनिकता ने इसे अपना ग्रास बना लिया। शहर की बात तो दूर, अब ग्रामीण परिवेश में भी फाग का राग के साथ ढोलक की थाप सुनाई नहीं पड़ती। एक समय था, जब किसी के दालान पर फगुआ की महफिल सजती थी। उस महफिल में सभी तबके के लोग शरीक होते। वहां शरबत-पानी और रंग-गुलाल का पुख्ता इंतजाम होता था।

कोई होरी गाने वाले सधी आवाज में टेर लगाता, फिर उसकी टेर पकड़ कर कोई और सहारा देता। फिर उसे तीव्रता के साथ विभिन्न स्वरों में देर तक दुहराया जाता। फाग के समवेत स्वर में लोगों की अलग-अलग भंगिमाएं भी होतीं। बच्चों के लिए यह विशेष आकर्षण होता। कोई पालथी मारकर दोनों घुटनों पर ढोलक की तरह ताल देता, तो किसी कि आंखें विचित्र हरकतें करतीं। कोई अपने लंबे बालों को लय के अनुसार झटके देते, तो कोई अपने मुंह की आकृति ऐसा बना लेता, जैसे किसी ने करेला का जूस पिला दिया हो! जब राग का आवेग चरम पर होता, तब आधे से अधिक लोग घुटनों पर खड़े हो जाते। फिजां में रस घोलती झालों की समवेत ध्वनि। ढोलक पर ताबड़तोड़ थाप से लगता कि ढोलक अब फटा कि तब। भाईचारे और आपसी सद्भाव का अतुलित-अद्भुत नजारा। लेकिन अब होली को शहरीपन की नजर लग गई। अब होली खेले रघुबीरा अवध में, होले खेले रघुबीराङ्ग, और आज बिरज में होरी रे रसियाङ्ग जैसे कर्णप्रिय होली गीत सुनाई नहीं देते। अब इन पारंपरिक गीतों की जगह भौंडे और अश्लील गानों ने अपना स्थान बना लिया है। होली के महीने भर पहले से ही तिपहिया और बसों में होली के नाम पर ऊंची आवाज में अश्लील गाने बजने शुरू हो जाते हैं। इससे महिलाओं के लिए कहीं आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है। होली के दिन भी अलग-अलग टोलों में लोग ताश के पत्ते फेंटते दिखते हैं। पूरे गांव की होली पहले टोलों, फिर परिवार और अब पति-पत्नी और बच्चे तक सिमट कर रह गई है। शरारती युवाओं की टोली अब जल्दी चिढ़ने वाले किसी बुजुर्ग को खोज कर उन्हें गहरे रंगों से सराबोर नहीं करती। उनके गुस्से को हंसी-ठहाकों में तब्दील नहीं करते। शहर ही नहीं, गांव का युवा वर्ग भी अब वाट्सऐप और यूट्यूब पर मशगूल है।

बुजुर्ग अब बेकार की वस्तु बन गए। अब बात-बात पर लोग मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। अब न पहले जैसी अल्हड़ मिजाजी रही और न पहले की तरह सहनशीलता। पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में भी पहले जैसी आत्मीयता नहीं

## विचार

# क्यों भारतीय छात्रों में बढ़ रही है आत्महत्या की घटनाएं?

रवि रंजन

**जिंदगी की** भागमभाग में ज्यादातर लोगों में तनाव, गुस्सा, परेशानी, डर, अवसाद का भाव देखने को मिलता है, जरा सी डांट-फटकार या घर में नोकझोंक होने पर शीघ्र अनुचित निर्णय लेते है। आज के आधुनिक युग में छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग, पढ़े- लिखे और अमीर से लेकर गरीब तक सभी वर्ग में आत्महत्या की घटनाएं अत्यधिक बढ़ती जा रही है, हर रोज आत्महत्याओं की खबरें देखने-सुनने को मिलती है। इसी समस्या की ओर जागरूकता दिवस के रूप में "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" दुनियाभर में हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है, 2003 से दुनिया भर में विभिन्न गतिविधियों के साथ आत्महत्याओं को रोकने के लिए विश्वव्यापी प्रतिबद्धता और कार्रवाई करने के लिए यह विशेष दिन है। हर 40 सेकेंड में कोई न कोई अपनी जान लेता है। विश्व में हर साल 7-8 लाख लोग आत्महत्या के कारण अपनी जान गवांते है। 77% वैश्विक आत्महत्याएं निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती है। आत्महत्या 15-19 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण है। लैंसेट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आत्महत्या की दर 15-29 आयु वर्ग में सबसे अधिक थी। भारत में हर घंटे एक छात्र आत्महत्या करता है, हर दिन लगभग 28 ऐसी आत्महत्याएं होती हैं। 2022 में आत्महत्या से 9,478 छात्र, 2021 में 9,905 और 2020 में 10,159 छात्रों की मौत हुई। आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, जीवन तो निरंतर चलने का नाम है जिसमें सुख-दुख आते रहते है। समस्याओं से डर जाना या हार मान लेना तो कमजोरी है और आत्महत्या उसी कमजोरी पर कायरता की निशानी है। पशु-पक्षी भी कभी हार नहीं मानते और कभी आत्महत्या नहीं करते, वो हर हाल में जीना सीख जाते हैं, हम तो फिर इंसान हैं, हमारे पास विवेक बुद्धि है, हम शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम हैं, मदद करने के लिए रिश्ते-नाते, संसाधन, संस्थाएं, प्रशासन, नियम, कानून और अन्य सुविधाएं हैं, हम हार क्यों मानते है। क्या हम दुनिया के सबसे दुखी लोग हैं? नहीं, कदापि नहीं, लोग हमसे ज्यादा समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिंदगी के प्रति सिर्फ हमारा नजरिया बदल गया है, जब हम लोगों की समस्याओं को जानेंगे तो पता चलेगा कि हमारी समस्या दूसरों की तुलना में कुछ भी नहीं और समय कभी एक सा नहीं रहता। समस्याओं को बढ़ाने में हमारा सबसे बड़ा हाथ है, दूसरों पर हमारा अति विश्वास, अति-उम्मीद या निर्भरता, हमारे व्यवहार का प्रभाव, बुरी संगत, बुरी आदतें, लालच, जागरूक न होना, नियमों का उल्लंघन करना, संयम व संतोष की कमी, आत्मचिंतन का अभाव, अपनो के साथ समस्या साझा न करना, लोग क्या कहेंगे यह सोचकर डर जाना, समाज में स्टेटस का दिखावा करना, वास्तविकता को झुठलाना, जिम्मेदारी व कर्तव्य से दूर भागना, नकारात्मक विचारों का जाल बुनना, परिस्थितीनुसार सामंजस्य स्थापित न करना, आवेश में अनुचित निर्णय लेन , आत्मग्लानि या दबाव में रहना ऐसी जटिलताएं मनुष्य द्वारा खुद निर्माण की हुई होती है, जिन्हें वह अपने सूझबूझ विवेक बुद्धी से सुलझा सकते है। समस्याओं से डरकर भागना कायरता और बुजदिली कहलाती है, कोई भी समस्या डर से नहीं बल्कि उस समस्या का मुकाबला करने से दूर होती है। ईमानदारी और सच्चाई से जीना है तो लोकलाज कभी न सोचें चाहे कितना ही संघर्ष हों। विश्व की आधी आबादी संघर्ष जारी है और इसे ही कहते है जिंदादिली, क्यों जिंदगी अनमोल है, पूरी दुनिया की दौलत बेचकर भी एक पल की जिंदगी नहीं खरीद सकते। आत्महत्या को रोकना अक्सर संभव होता है और हम सभी इसे रोकने में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। छोटी सी परवाह जीवन बचा सकती है और संघर्षरत व्यक्ति में आशा की भावना पैदा कर सकती है। संघर्ष करने वालों में सकारात्मक प्रोत्साहन, आत्मविश्वास जगाकर उन्हें सशक्त और हौसले से मजबूत करना हैं। चुनौतियाँ, असफलताएँ, पराजय और अंततः प्रगति, वही हैं जो आपके जीवन को सार्थक बनाती हैं। कभी हार न मानने की आदत ही जीत की आदत बन जाती है, इसलिए कुछ भी हो लेकिन हार नहीं मानना है और जितनी भी जिंदगी मिली है जिंदादिली से जियो।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# होली पर चंग,बांसुरी, धमाल अब फीके !

**होली** इस बार सात मार्च को तो धुलंडी (रंग खेलने का दिन) आठ मार्च को है। वास्तव में,होली का त्योहार ऐसे समय में आता है जब वातावरण में एक नवीन ऊर्जा समाई होती है, प्रकृति अपने रंगों से निखर रही होती है, न सर्दी, न ही गर्मी। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का मन मयूर की भांति चहकने लगता है, महकने लगता है। होली पर हर तरफ रंगों की बरसात होती है, पर्यावरण की छटाओं में रंग ही रंग छा जाते हैं, घुल जाते हैं। रंगों की महक हमारे तन-मन को स्फूर्ति, आनंद, उल्लास व ऊर्जा से परिपूर्ण कर देती है। हमारे देश की संस्कृति के सभी पर्व ,त्योहार आदमी को आदमी से जोड़ते हैं, होली भी एक ऐसा ही त्योहार है जो हमारे रिश्तों को जोड़ता है, सहेजकर रखता है, हमें आपसी मजबूत बंधन में बांधता है। होली के रंग बिखरते हैं तो मन जुड़ते हैं, टूटते नहीं हैं। लेकिन अब विरले ही होली के त्योहार पर धमाल व राजस्थानी लोक गीत, स्वांग, हंसी ठिठौली सुनाई दिखाई देतीं हैं। समय, काल व परिस्थितियों के अनुसार होली के त्योहार को मनाने के तौर तरीकों में काफी आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिले हैं। आपने महसूस किया होगा कि आजकल पहले की तरह गांवों, शहरों की गली मोहल्लों में " हरे ओ भरदे मायरियो नरसिंह जी थारी नान्ही बाई गो भरदे मायरियो...!", " एहे गांजो पीज्या रे सदा रा शिव भोला अमली रे...!", "लिछमण क रे बाण लग्यो र शक्ति लिछमण क रे...!", " हरे नित बरसो रे मेहवा म्हारे बागड़ म रे...!" कोनी मानै ये यशोदा थारो बनवारी रे कोनी मानै ये...!" लेहरो ल्यादै रै नणदी का बीरा लैरो ल्यादै रे...", " चालो देखण न बाईजी थारो बीरो नाचै रे चालो देखण न...!", "रूत आई रे पपीया तेरं बोलण गी रै रूत आई रे...!" "कठै सूं आई सूंठ...कठै सूं आयो जीरो...!", "फागुन आयो रे रसिया...!" ,"सत राखो रे भाईड़ा...जग में दो दिन रहणो रे..सत राखो रे...!" जैसी अनगिनत धमालें कम ही सुनने को मिलती हैं। पहले के जमाने में गांव की गली गली, कूचे कूचे में धमाल की धमक गूंजती थी। होली के त्योहार के आगमन से बीस पच्चीस दिन पहले यहां तक कि महीनों महीनों पहले ही धमाल गाने बजाने वाले डफ,चंग, बांसुरी से लैस नजर आने लगते थे, आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे की मिसाल देखने को मिलती थी। लेकिन आज कहीं कहीं ही इसकी झलक देखने सुनने को मिलती हैं और इसको भी गांव घरों के कुछ बुजुर्ग लोग ही आज तलक जिंदा रखे हुए हैं। यह बहुत ही चिंतनीय है कि आज की युवा पीढ़ी को धमाल, चंग, डफ तक की जानकारी तक नहीं है। होली के रंग बिना चंग, बांसुरी, धमाल के फीके हैं।

# दिल्ली चलो

डॉ. सुरेश कुमार

**नारे क**भी पुराने नहीं पड़ते। पुराने तो लोग पड़ते हैं। यकीन न हो तो सुभाष चंद्र बोस का नारा ही ले लो। उन्होंने कहा था झ्र दिल्ली चलो। अभी भी कहा जा रहा है दिल्ली चलो। तब की दिल्ली और अब की दिल्ली में बहुत फर्क है। तब दिल्ली जाने का मतलब देशभक्ति का पर्याय होता था। अब दिल्ली जाने का मतलब तो कुछ और ही होता है। मसलन आलाकमान ने बुलाया तो दिल्ली चलो। किसी को कुर्सी से उतारना है तो दिल्ली चलो। किसी को कुर्सी पर बैठाना है तो दिल्ली चलो। किसी की हवा टाइट करनी है तो दिल्ली चलो। किसी की हवा खोलनी है तो दिल्ली चलो। किसी साजिश को अंजाम देना है तो दिल्ली चलो। किसी साजिश को टांय-टांय फिस करना है तो दिल्ली चलो। सांसद से मंत्री बनना है तो दिल्ली चलो। किसानों को चोर बताना है तो दिल्ली चलो। चोर को किसान बताना है तो दिल्ली चलो। लाठी से पिटवाना है तो दिल्ली चलो। लाठी से पीटना है तो दिल्ली चलो। पैसा बटोरना है तो दिल्ली चलो। पैसा लूटना है तो दिल्ली चलो। गीदड़ को शेर बनाना है तो दिल्ली चलो। शेर को गीदड़ बनाना है तो दिल्ली चलो। यह दिल्ली भी मानो दिल्ली न हुई मेरे घर के पीछे वाली गली हो गई। जब चाहा मुँह उठाकर चले गए। लेकिन मैं जिस दिल्ली चलो के बारे में बताने जा रहा हूँ उसका वास्ता व्यापार से है। अब आप पूछेंगे वह कैसे? भैया जमाना मुफ्त लूटने, मुफ्त खाने, मुफ्त जीने और मुफ्त मरने का है। मानो जीवन का दर्शन ही मुफ्त में समाया हो। साड़ी खरीदो तो ब्लाउज फ्री। पैंट खरीदो तो शर्ट फ्री। जिंदगी खरीदो तो मौत फ्री। सब फ्री फ्री फ्री फ्री। यह फ्री फ्री न हुआ हमारे फैसलों का रेफरी हो गया। अब तो फ्री में बंटने वाली चीजों को लेकर ही तो हम सरकार बनाते हैं। फिर तकरार करते हैं कि सरकार चोर है। अब तो हर चोर में ईमानदार और ईमानदार में चोर नजर आने लगा है। अब देखिए न दिल्ली में शराब के पुराने स्टॉक को निकालने के लिए वहाँ पर एक अजीबोगरीब फरमान जारी किया गया है। फरमान भी ऐसा कि नेताजी के दिल्ली चलो से ज्यादा इस दिल्ली के लिए लोग मारा-मारी पर उतर आए हैं। फरमान है झ्र खड़ा खंभा खरीदने पर दो खंभे फ्री। पौना खंभा खरीदने पर आधा खंभा फ्री।

# मल्कागंज में महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

## सरकार महंगाई कम करने की ओर दें ध्यानः आदेश भारद्वाज






**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**मल्का** गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य की अगुवाई में महंगाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया गया।
इस मौके पर करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने शिरकत की और कहा कि आज देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसके कारण से देश की जनता को परेशान होना पड़ रहा है। श्री भारद्वाज ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।
इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश की जनता को होली का तोहफा दिया है। श्री आर्य ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई से परेशान हो रही है। इसलिए सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महंगाई की वजह से गरीब व्यक्तियों का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहे है। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का स्वागत भी किया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि सरकार को महंगाई कम करने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे की आमजन को महंगाई से परेशान न होना पड़े। इस मौके पर अशोक भसीन, मुकेश पाल, कैलाश प्रधान, प्रिया जयंत महिला जिला अध्यक्ष, विकास, छोटे लाल प्रजापति मौजूद रहे।




# श्रद्धानंद कॉलोनी में निकाली गई कलश यात्रा

### सुरेन्द्र खर्ब ने कहा...

= सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते हैः सुरेन्द्र खर्ब





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के श्रद्धानंद कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बहुताय की संख्या में क्षेत्र की महिलाओं व गणमान्य लोग ने भाग लिया। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि आज भव्य रूप में श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई है। इस अवसर पर आयोजको ने सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब का स्वागत भी किया।
इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि मैं कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करता हूं। इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


वजीरपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# रश्मि शुक्ला बनी एसएसबी की महानिदेशक



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**सशस्त्र** सीमा बल (एसएसबी) की महानिदेशक रश्मि शुक्ला बनी। इससे पहले भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह एसएसबी का कार्य देख रहे थे। दिल्ली एसएसबी मुख्यालय ने शुक्रवार जानकारी देते हुए बताया कि रश्मि शुक्ला ने आज एसएसबी पदभार ग्रहण किया। रश्मि शुक्ला ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भूगोल में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है तथा वह भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के महाराष्ट्र कैडर की अधिकारी हैं। उन्होंने प्रारंभिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न करने के बाद महाराष्ट्र के अकोला और सांगली जिलों में सहायक पुलिस अधीक्षक तथा जलगांव में अपर पुलिस अधीक्षक और नागपुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान रश्मि शुक्ला ने सोलापुर, मुम्बई और नागपुर में पुलिस उपायुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी कार्य किया। डीजीपी कार्यालय, मुम्बई में तैनाती के दौरान रश्मि शुक्ला ने उप महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) और उप महानिरीक्षक (प्रशा.) तथा विशेष महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) के पद पर भी अपनी सेवायें प्रदान की। वहीं 26/11 के आतंकी हमले के दौरान इनको राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के मध्य समन्वयन स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसका उन्होने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। पुणे के पुलिस आयुक्त के रूप में रश्मि शुक्ला ने वर्ष 2016 से 2018 तक स्मार्ट पुलिसिंग को एक नया आयाम देते हुए सिटी सेफ, पुलिस काका, बड्डी कॉप और कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा जैसी कई अनूठी पहल की। शुक्ला को दिनांक तीन सितम्बर 2020 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया। जहां उन्होंने महानिदेशक, सिविल डिफेंस का पदभार संभाला। महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का पदभार ग्रहण करने से पूर्व रश्मि शुक्ला ने सीआरपीएफ में अपर महानिदेशक (मुख्यालय) का पदभार संभाला। रश्मि को वर्ष 2005 में सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक तथा वर्ष 2013 में विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। पुणे के पुलिस आयुक्त के रूप में कार्य करते हुए स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में लिए गए अनूठे निर्णयों एवं पहल के लिए रश्मि शुक्ला को एफआईसीसीआई द्वारा भी सम्मानित किया गया।




## शालीमार बाग क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान दें प्रशासनः सुरेन्द्र

# समाज को किया जा रहा जागरूकः सुरेन्द्र मुद्गल






**जिन्दगी कांटो का सफर है,**
**हौसला इसकी पहचान है,**
**रास्ते पर तो सभी चलते है,**
**जो रास्ते बनाये, वही,**
**तो इंसान है।**

### क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं पर लगे लगाम...

= अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) के प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल ने कहा कि क्षेत्र में आवारा गायों के रोड़ों व गलियों में घूमने की वजह से कई बार एक्सीडेंट हो चुके है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन को चाहिए कि जो इन गाय के मालिक है उन पर कार्यवाही करें।





**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) के प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल की।
आपको बतादें कि एस.के. मुद्गल क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।

**शिक्षा के महत्व को हमें समझना होगाः** प्रधान एस.के. मुद्गल ने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि एक रोटी कम खाओं, मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये, जिससे की बच्चे शिक्षित होकर समाज और देश का नाम रोशन करें।

**जागरूक समाज से ही होगा देश का विकासः** जागरूक व्यक्ति जल्दी विकास करता है, इसलिए सभी जागरूक बने और अपने अधिकारों को जाने और दूसरों को भी उनके अधिकारों से अवगत कराये।

**शालीमार बाग क्षेत्र में समाज को एकत्रित कर रही है सभाः** अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग (रजि.) शालीमार बाग क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोगों को संगठित करने का कार्य कर रही है, सभा के द्वारा समय-समय पर जागरूता अभियान के अलावा कई तीज-त्योहारों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

**गरीबों व असहायों की मदद के लिए सभी आये आगेः** सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए।

**सभी को कार्य जनहित में करने चाहिएः** जो भी कार्य करे व देश हित को ध्यान में रखते हुए ही करे क्योंकि सबसे पहले देश है। उसके बाद कुछ और है।

**शालीमार बाग में आवारा कुत्तो से परेशान हैं लोगः** शालीमार बाग के कई इलाको में आवारा कुत्तों की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, साथ ही सुरेन्द्र मुद्गल ने बताया कि क्षेत्र में आवारा गाय के रोड़ों व गलियों में घूमने की वजह से कई बार एक्सीडेंट हो चुके है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन को चाहिए कि जो गाय के मालिक है उन पर कार्यवाही करें।

**क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर हो कार्यवाहीः** प्रधान सुरेन्द्र मुद्गल ने कहा कि शालीमार गांव से लेकर जो मैक्स अस्पताल वाले रोड़ पर जगह-जगह अतिक्रमण होता जा रहा है, जिस कारण से यहां पर जाम की समस्या होती जा रही है। मेरी प्रशासन से मांग है, यहां पर हुए अतिक्रमण को तुरत हटाया जाये।

**-प्रस्तुतिः एक्शन इंडिया**



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 04 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### ऋषिकेश: होली पर गंगा में बंद रहेगी राफ्टिंग

**ऋषिकेश:** पहली बार ऐसा हो रहा है जब होली के दिन गंगा में राफ्टिंग नहीं होगी। राफ्टिंग कारोबारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बनी सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। थाना मुनिकीरेती में राफ्टिंग एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह के साथ हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होली के दिन हुड़दंग, नशे की घटनाएं व पानी की दुर्घटनाओं को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर राफ्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में होली के त्योहार, वर्तमान में पर्यटन सीजन, बाहर से आने वाली पर्यटकों की भारी भीड़ और होटलों की शत-प्रतिशत बुकिंग को देखते हुए होली का त्योहार सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती है। जिसे देखते हुए राफ्टिंग से संबंधित गतिविधियों को आठ मार्च यानी होली के दिन बंद रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। राफ्टिंग व्यवसायियों ने इस मामले में पुलिस को सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन देते हुए उपजिलाधिकारी नरेंद्र नगर को पत्र भी दे दिया है। बैठक में जिला साहसिक पर्यटन अधिकारी केएस नेगी, राफ्टिंग कंपनियों के प्रतिनिधि अरविंद भारद्वाज, हुकुम सिंह, प्रदीप कपरवान, सुमित पाल, कमल शर्मा, मनीष भंडारी, योगेश बहुगुणा, अनुभव पायल, सुबोध रावत, विकास भंडारी, दीपक पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### सीमा पर 22 सोने के बिस्कुट के साथ दो गिरफ्तार

**उत्तर 24 परगना:** उत्तर 24 परगना जिला में भारत देश अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाके में बीएसएफ के जवानों ने 22 सोने के बिस्किट के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ धर दबोचा है। पकड़े गए तस्करों की पहचान जाहिर हुसैन मोल्ला तथा गयासुद्दीन मंडल के रुप में हुई है। दोनों उत्तर 24 परगना जिले के निवासी हैं। शुक्रवार को बीएसएफ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार को सीमा चौकी जयंतीपुर इलाके में घटित हुई। जयंतीपुर गांव में फेंस गेट के पास एक मोटरसाइकिल के साथ दो संदिग्ध व्यक्ति काफी देर से खड़े थे। उनकी संदिग्ध हरकतों को देखते हुए जवानों ने पास जाकर जब उनसे पूछताछ व तलाशी ली तो वे दोनों घबरा गए तथा वहां से भागने की कोशिश करने लगे, जवानों ने उन्हें फौरन हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की सीट के नीचे, इम्प्रोवाइज कैविटी से काले रंग के कपड़े में लिपटे हुए तीन पैकेट मिले जिनके अंदर से 22 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। जब्त सोने का कुल भार 2.566 किलोग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 44 लाख एक हजार 571 रुपये है।

# विधानसभा में 58 साल बाद लगी अदालत

## 6 पुलिसकर्मियों को सजा: एक दिन लॉकअप में बंद रहेंगे, 18 साल पहले लाठीचार्ज करके भाजपा विधायक का पैर तोड़ा था

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**यूपी** विधानसभा में 58 साल बाद शुक्रवार को अदालत लगी। कटघरे में 6 पुलिसकर्मी पेश हुए। विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना के दोषी इन सभी पुलिसकर्मियों को विधानसभा अध्यक्ष ने एक दिन की सजा सुनाई है। सजा 3 मार्च रात 12 बजे तक की होगी। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों को विधानसभा में बनी सेल के लॉकअप में रखा जाएगा। सजा पर फैसला होने के बाद मार्शल सभी पुलिसकर्मियों को सदन से लॉकअप में ले गए। इससे पहले विधानसभा में 1964 में अदालत लगी थी। शुक्रवार को सदन में लगी अदालत के दौरान सतीश महाना ने सभी दलों के नेताओं से इस पर उनका पक्ष पूछा। ज्यादातर ने अध्यक्ष को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया। फिर दोषी पुलिसकर्मियों को अपनी सफाई में



बोलने का मौका दिया। इसमें तत्कालीन सीओ अब्दुल समद ने सदन से माफी मांगी। कहा कि ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। इससे पहले अखिलेश से जब सदन के बाहर इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा- यह गलत परंपरा है।

**2004 में कानपुर में हुआ था लाठीचार्ज:** विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का यह मामला 2004 का है। तब सपा की सरकार थी, मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे। कानपुर में बिजली कटौती के विरोध में सतीश महाना (जो अब विधानसभा अध्यक्ष हैं) धरने पर बैठे थे। उनके साथ तब के स्थानीय भाजपा विधायक सलिल विश्नोई और कार्यकर्ता थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने बीजेपी विधायक और



कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। इसमें सलिल विश्नोई का पैर टूट गया। कई भाजपा कार्यकर्ताओं को चोट आई। इसके बाद विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना की सूचना 25 अक्टूबर 2004 को विधानसभा सत्र में रखी गई थी।

**7 महीने सुनवाई, 17 साल पहले ठहराए जा चुके दोषी:** विधानसभा से मिली जानकारी के मुताबिक, विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना के मामले में इन सभी 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ साल 2004 से मई 2005 तक सुनवाई हुई। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 17 साल पहले सभी पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराया जा चुका था। लेकिन 2005 के बाद से अभी तक सजा का ऐलान नहीं हुआ था।

### पुलिस कर्मियों की सदन में पेशी की परंपरा गलत: अखिलेश यादव

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा में शुक्रवार को अदालत लगाने और पुलिस कर्मियों की पेशी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने गलत बताया है। अखिलेश यादव ने सदन की कार्यवाही में जाते हुए मीडिया से विधानसभा में आज विधायक विशेषाधिकार हनन मामले पर सवाल किया। पूछा कि प्रदेश में तत्कालीन 2004 में सपा की सरकार थी और नेताजी मुलायम सिंह मुख्यमंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। छह तत्कालीन पुलिसकर्मियों की पेशी की जा रही है। सवाल का जवाब देते हुए अखिलेश ने कहा कि यह परंपरा गलत है। उल्लेखनीय है कि साल 2004 में कानपुर में बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन के दौरान सलिल विश्नोई और बीजेपी कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया था। अब विधानसभा ने संविधान की धारा-194(3) के तहत की कार्यवाही की गई है। मामले में शुक्रवार को विधानसभा न्यायालय में तब्दील कर सुनवाई की गई। इस दौरान विधायक विशेषाधिकार हनन मामले में सदन के अंदर लगी कोर्ट में सेवानिवृत हो चुके तत्कालीन क्षेत्राधिकारी बाबू पुरवा कानपुर अब्दुल समद, तत्कालीन थानाध्यक्ष किदवई नगर ऋषि कांत शुक्ला, तत्कालीन उप निरीक्षक थाना कोतवाली कानपुर त्रिलोकी सिंह, तत्कालीन कांस्टेबल थाना किदवई नगर छोटे सिंह यादव, तत्कालीन कांस्टेबल थाना काकादेव विनोद मिश्र, तत्कालीन कांस्टेबल मेहरबान सिंह यादव को कटघरे में खड़ा किया।

## वृंदावन में सांसद हेमा मालिनी ने खेली होली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा** की सांसद और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने शुक्रवार को वृंदावन में फूलों की होली खेली। इससे पहले वह राधा रमण मंदिर पहुंची थीं। यहां दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने श्याम रंग में मैं तो रंग गई.... और रंग छूटा... जैसे भजन गाए। उनके भजन सुनकर मंदिर में मौजूद भक्त झूम उठे। इस दौरान हेमा मालिनी भी होली की मस्ती में डूबी नजर आईं।

**मंदिर के पुजारियों ने डाला गुलाल:** मंदिर में हेमा मालिनी को मंदिर के पुजारियों ने प्रसाद दिया। फिर प्रसाद रूपी गुलाल उनके ऊपर डाला। हेमा मालिनी ने अपना भजन अलबम लॉन्च किया है। इस दौरान फैंस उनके साथ फोटो खिंचाने को आतुर नजर आए।

**हेमा मालिनी अब तक 15 भजन गा चुकी हैं:** हेमा मालिनी ने कहा कि इस भजन को नारायण अग्रवाल ने लिखा और विवेक प्रकाश ने म्यूजिक दिया है। इसको उनके द्वारा गाया गया है। हेमा मालिनी ने बताया कि वह अब तक करीब 15 भजन गा चुकी हैं। इस दौरान मंदिर में अनूप शर्मा, अभिषेक गोस्वामी, अनुराग गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। हेमा मालिनी एक महीने पहले भी वृंदावन के राधा रमण मंदिर पहुंची थीं। इस दौरान भगवान राधा रमण मंदिर में हेमा मालिनी ने अचानक भजन गाना शुरू कर दिया। हेमा मालिनी ने सबसे पहले भजन न राधा न मीरा हूं, मैं तो कृष्ण दीवानी हूं...गाया। फिर हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे...भजन गाया। करीब 30 मिनट तक हेमा मालिनी ने 4 भजन गाए।



शुक्रवार को वसंतोत्सव का शुभारंभ करते हुए उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त)। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी राजभवन में उपस्थित थे।

## बांके-बिहारी में 50 हजार श्रद्धालुओं ने खेली होली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**रंगभरी** एकादशी पर ब्रज के बांके बिहारी मंदिर में 5 दिवसीय होली उत्सव शुरू हो गया है। टेसू के फूलों से बने रंग मंदिर के पुजारी भक्तों पर बरसा रहे हैं। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में भक्तों ने वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा शुरू की। यहां की 5 कोस की परिक्रमा के लिए भारी जन सैलाब उमड़ा।

श्रद्धालु वृंदावन की परिक्रमा कर खुद को धन्य कर रहे हैं। बांके-बिहारी मंदिर में देर शाम तक 50 हजार भक्तों के होली खेलने का अनुमान है। बांके बिहारी मंदिर में

**होली आई रे....**

**टेसू के फूलों से बने रंग मंदिर के पुजारी भक्तों पर बरसा रहे हैं। भक्तों ने वृंदावन की पंचकोसी परिक्रमा शुरू की**

भक्त भगवान के साथ होली खेल रहे रंगभरी एकादशी पर विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अपने आराध्य के दर्शन कर रहे हैं और उनके साथ होली खेल रहे हैं। बांके बिहारी मंदिर में परंपरागत टेसू के फूलों से रंग बना गया है।

### आग में जिंदा जल गई मां-बेटी



**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
**झोपड़ी** में आग लगने से मां-बेटी जिंदा जल गई। महिला के पति की समय रहते आंख खुल गई, जिससे वह बाहर निकल गया। हादसा बीकानेर के गजनेर इलाके के चांडासर गांव की है। घटना गुरुवार देर रात करीब एक बजे की है। यहां एक झोपड़े में रेंवतराम सांसी, पत्नी ममता सांसी (22) और 1 साल की बेटी खुशी के साथ सो रहा था। रात को अचानक झोपड़े में आग लग गई। रेंवतराम की आंख खुल गई। वह बाहर निकल गया। इसी दौरान झोपड़ी नीचे गिर गई। ममता और 1 साल की बेटी को बाहर नहीं निकाला जा सका। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक मां-बेटी की मौत हो चुकी थी। मां-बेटी के कंकाल ही नजर आए।

**पिता का आरोप, हत्या की गई:** उधर, लूणकरनसर निवासी ममता के पिता इसरराम ने कहा- उसकी बेटी और दोहिती को रेंवतराम, ससुर रामलाल और सास गीता ने एक राय होकर जलाकर मार दिया। ममता और रेंवतराम की शादी करीब साढ़े तीन साल पहले 17 मई 2019 को हुई थी।

## जफर ने बहनोई के कहने पर अतीक की पत्नी को किराए पर दिया मकान

**बांदा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी पूर्व सांसद व माफिया अतीक अहमद की पत्नी को मकान किराए में दिए जाने के मामले में एक एजेंसी के पत्रकार जफर अहमद फंसते नजर आ रहे हैं। बांदा में उनके दोनों मकानों के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। अगर मकान का नक्शा नहीं पाया गया या अभिलेखों में कुछ गड़बड़ी पाई गई तो उनके बांदा में बने मकान को भी ध्वस्त किया जा सकता है। हालांकि इस मामले में जफर अहमद ने अपनी



सफाई देते हुए कहा है कि मेरा अतीक अहमद या उनकी पत्नी से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं है। मकान मैंने अपने बहनोई के कहने पर उन्हें किराए पर दिया था। शुक्रवार को जफर अहमद ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि मेरा एक मकान कसारी मसारी चकिया में था जिसे एक मार्च 2023 को अतीक अहमद के नाम पर बिना किसी पूर्व सूचना के गिराया गया है।

**रूट मार्च**

आरएसएस 5 मार्च को अपना रूट मार्च स्थगित करने को तैयार हो गया है

## पथ संचलन को अनुमति देने के मामले में समय मांगा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**तमिलनाडु** में आरएसएस का पथ संचलन 5 मार्च को निकालने की अनुमति देने की मांग पर तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। संघ का कहना है कि इस मामले में कोई समाधान निकाला जायेगा कि किन शर्तों पर रूट मार्च की इजाजत दी जाए। साथ ही रूट मार्च को लेकर भी समाधान निकालेंगे। आरएसएस 5 मार्च को अपना रूट मार्च स्थगित करने को तैयार हो गया है। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार की ओर से वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि



हम रूट मार्च के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सभी जगहों पर एक साथ न हो। रोहतगी ने प्रस्तावित रूट मार्च का विरोध करते हुए कहा कि हर एक गली और मोहल्ले में मार्च निकलने का क्या मतलब है। जहां स्थितियां अच्छी नहीं हैं, वहां मार्च नहीं निकाला जाए, क्योंकि वहां कानून-

**मांग**

**संघ का कहना है कि इस मामले में कोई समाधान निकाला जायेगा कि किन शर्तों पर रूट मार्च की इजाजत दी जाए**

व्यवस्था खराब हो सकती है। रोहतगी ने कहा कि कानून व्यवस्था सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए ऐसा न किया जाए तो सही होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास इंटेलिजेंस की रिपोर्ट है कि बॉर्डर से सटे कुछ संवेदनशील इलाके हैं, वहां पर मार्च नहीं निकालने की बात कही है। उदाहरण के लिए कोयम्बटूर में बम ब्लास्ट हो चुका है, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को प्रतिबंधित किया गया है। रोहतगी ने कहा कि मद्रास हाईकोर्ट ने जनहित से जुड़े मामले में आंखें मूंदकर आदेश दिया है, जबकि हाई कोर्ट को यह स्पष्ट किया गया था कि कोई घटना हो सकती है। आरएसएस की ओर से वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि जिन इलाकों का जिक्र सरकार कर रही है, वहां पहले भी हमने जुलूस निकाला है। तब कोर्ट ने कहा कि एक लोकतंत्र की और एक सत्ता की भाषा होती है। आप कौन-सी भाषा बोलते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस जगह पर हैं।

